13 hrs.

The Lok Sabha adjourned for lunch till fourteen of the Clock.

The Lok Sabha reassembled after lunch at six Minutes past fourteen of the Clock.

[SHRI VASUDEVAN NAIR *in the Chair*]

DISCUSSION *RE* : STUDENT UNREST

MR. CHAIRMAN : The House will now take up discussion under Rule 193 on student unrest with special reference to incidents in Banaras Hindu University. Shri R. K. Amin to start now. I suppose you are aware that the time allotted is only two hours. So I request hon. Members to be very brief, and the Mover, I hope, will confine his remarks to fifteen minutes.

SHRI PRAKASH VIR SHASTRI (Hapur) : What about others?

MR. CHAIRMAN : Others cannot naturally expect more than fifteen minutes.

SHRI NARENDRA SINGH MAHIDA (Anand): He is a professor and he knows the students very well.

SHRI R. K. AMIN (Dhandhuka) : Mr. Chairman, Sir, we are hearing of cases of violence all over the country so far as students are concerned. In Uttar Pradesh, in some of the universities, we have heard of gheraoing of the Vice-Chancellor, burning of the buses, throwing of brick-bats and all sorts of indiscipline which has been indulged in by the students now. It is not only in Uttar Pradesh alone that these incidents have taken place, but also in Gujarat State, in Bihar State, in Rajasthan State and elsewhere also. Here and there, we find various incidents of student indiscipline. A question will be asked; Why is this happening in our country? What is wrong with our students? Is it because they are born just after Independence and that is why they are taking more liberty? Or, is it because there is something which is wrong with our educational system? Is this the reason why they get agitated and they get the impatience regarding their own needs from the society? We can ask these questions now. All these require a correct diagnosis of the situation and once we get that diagnosis the prescription will naturally follow.

What is the diagnosis of the situation? You have read in the press about the Banaras Hindu University. Probably that indicates the analysis of all the situations and that is why I am concentrating on that.

Let us see the way in which the Education Minister dealt with the situation. While I welcome his decision to appoint a committee of inquiry by the Visitor, yet consider the way in which he agreed to that decision in a willy-nilly way; after great hesitation, in an indecisive manner, when the pressure was brought to bear on him by the other bodies and by Parliament and by other people, he agreed ultimately. Probably he did not agree in time to appoint such a body to go into the matter and place before us the reasons behind such a malise.

Although I welcome his move, yet I must say that his indecisiveness in this regard is not to be appreciated at all. The second thing that we notice about the Banaras Hindu University is that there are various charges levelled against us. Let us begin from ourselves, from politicians onwards. Various political parties blamed for interfering in the work of the universities. On the one hand, everyone of us talks about the autonomy of the universities, but on the other hand, everyone of us tries to enter into it by the back-door. I do not know what has created the situation, whether the SSP is responsible, whether the Communists are responsible....

श्री जार्ज फरनांडीज (बम्बई-दक्षिण) : हम तो फ्रंट डोर से जाते हैं, बैक-डोर से कभी नहीं जाते हैं ।

SHRI R. K. AMIN : Or whether the RSS is responsible. or whether anybody else is responsible, but it is politicians who are interfering with the autonomy of the universities.

श्री रवि राय (पुरी) : विद्यार्थियों को राजनीति में भाग लेना चाहिये ।

श्री जार्ज फरनेन्डीज : हम कुबूल करत हैं, इस में क्या है, ग्रटोनमी एडमिनिस्ट्रेशन के बारे में होती है ।

SHRI R. K. AMIN : Then he does not believe in the autonomy of the universities.

श्री रवि राय : सभापति जी, मैं याद दिलाना चाहता हूं कि विद्यार्थियों को हक है, राजनीति में जम कर भाग लें । एक्टिव पार्टिसिपेशन-इन-पोलिटिक्स ।

SHRI R. K. AMIN : Let me make a distinction so that they can also learn. I do not mind students participating in the discussion of the political controversies. We can also influence them in so far as political thinking is concerned. But to utilise students as a mob for violence, to do particular things by which they deny the discussion for which they really stand for is wrong. If anybody goes there and talks about Marxian theory, I have no objection.....

SHRI RABI RAY : Stutdents have the right to have active participation in politics.

SHRI R. K. AMIN : I am talking about ourselves; I am not talking about the students.

SHRI RANGA (Srikakulam) : Let not go there as parties.

SHRI R. K. AMIN : I do not want to attribute the blame to any particular party and say that that party is responsible. The judicial body will determine that. On the one hand, we talk about autonomy, but on the other, we do not respect that autonomy. That is the main consideration before me.

The concept of autonomy in our minds is also something wrong. The autonomy should be the autonomy of the teachers, not the autonomy of the politicians who enter through the back-door. You know various cases in our university life where defeated politicians have been appointed as vice-chancellors. Politicians who are inconvenient have been provided with jobs there. I know of a case of a university which received the UGC grant, and where the chancellor and the vice-chancellor are both active politicians; they are Ministers; even the registrar who is being paid salaries out of the grant paid by the UGC openly participates in the political life of the country. On the one hand, they prevent them from taking part in politics, but on the other they give grant out of public money in order to subsidise the registrar and the vice-chancellor who are openly taking part in politics. This means that they are not respecting the autonomy.

Dr. Triguna Sen is said to have referred to this and that he was hesitating to appoint the committee of inquiry because he did not want to interfere with the unviversity autonomy. No, I would say that he is denying his own responsibility, the responsibility being that for the social change, for the good of the society, whatever is necessary he is required to do so, he must get into it and see that autonomy in the real sense of the term is being respected. Had he done that, and had he given that challenge to the teachers of the Banaras Hindu Unviversity and told them that it is their responsibility and it is they who should maintain discipline, if they cannot maintain discipline, they are not worthy to be teachers, I would have appreciated his sense of autonomy, not his appointing a committee or respecting a vice-chancellor. Is there a sense of decentralisation today in the university life right from the top to the bottom? Is there a sense of freedom and equality pervading right up from the tutors to the professors and the heads of the departments and even up to the vice-chancellor? If he asks this question and if he is satisfied that real autonomy exists in the university, then I would have appreciated his desire to maintain and respect that autonomy. But that desire for autonomy goes before something else, and that something else was indecisiveness on his part not to take any action whatsoever but to allow things to shape by themselves with the result that every time the vice-chancellor reported that normal situation was prevailing, the next day there used to be some disturbance. Even today if we ask the vice-chancellor, he will say that normal situation is likely to prevail and yet the next day we are, bound to have the report that disturbances are already there. Therefore, that wrong sense of autonomy and the wrong way the respect is shown to autonomy, not the true autonomy of

the universities, is the cause, so far as we politicians are concerned.

Students are very sensitive minds, When they see bribe and corruption and nepotism prevailing all around, when they see Government servants going on strike, when they see the way Government servants are thrown down below, from the Indraprastha Bhavan, and when they see how we are behaving, because even the work of the Lok Sabha is being witnessed and seen actively by them, what is the impression that we create on them? They are very sensitive brains, and they are young people with fervour and with emotion, and what, ever little things on our part they see that just magnify them. That is how all the manifestations of our misdeeds are being found in the students. We should take the responsibility and our diagnosis must indicate that the prescription should also start with us.

There are two more cause which lead to the indiscipline among the students. One is the teachers themselves. In the teaching community we have seen Gresham's law of the monetary system prevailing. But money drive away good money. Bad teachers have driven away the good teachers. Everyone of us, right up from the Lok Sabha down to the educational authorities and the UGC has seen this process without doing anything at all, with the result that there are a number of teachers who do not deserve to be teachers at all. My own experience is that if a teachers is really a good teacher and he gives knowledge to the students and he is expanding the horizon of knowledge, I am sure that even the truant will respect the teacher and he would not be prepared to do any misdeed before his eyes. Especially in a residential university, it is only the teacher who can control the discipline. But because they are not good teachers, they suffer from nepotism and they have the parochial outlook, they are not able to maintain discipline among the students. For instance, in Banaras, we find that persons only from a particular area are appointed. It is not a university which is universal and which embraces the entire nation. We have seen nepotism right up from the vice-chancellor to the heads of departments engulfing the other lecturers and tutors who are not respecting them at all. When the teachers see this sort of thing, the teachers attribute motives to the other teachers, and everything percolates to the students, and the students being a mirror and very sensitive young people immediately being to follow it. We on our part have witnessed this process of the operation of Gresham's law that bad teachers are driving away the good teachers and we have done nothing at all to attract the right type of teachers to the teaching profession.

I am sure you will agree that in society, out of the cream available at any time, a particular percentage must go to the teaching line. You may ask yourself the question whether the requisite number of good teachers are going to the teaching line from the cream of the society and the answer would be that despite the fact that the salaries have been increased, they do not wish to come to the teaching profession but they go elsewhere and they prefer to enter business rather than to teach.

SHRI RANGA : Even trained teachers are not provided with employment.

SHRI R. K. AMIN : The third thing to which I would like to draw attention is the structure of the educational system itself. In Allahabad you have noticed what when you raised the fees, there was agitation; then because you restricted the admission, there was agitation.

My point is : yes, there are only a few students who really deserve to be in the university. But you have not provided an alternative for those students who just after SSLC would like to go to college though they do not deserve to, because they cannot go somewhere else. Is there a polytechnic type of educational system where they can go and combine earning with learning, just as students do in England and America ? Is there a system of morning and evening classes and correspondence course where they can combine earning with learning, so that only the cream goes to the university where they can devote their entire time to their studies ?

Take the arts colleges. It is meant for the intellectual type. You do not find the intellectual type of students going there,

[Shri R. K. Amin]

You find only the discarded will go to arts faculty. They hardly attend one or two classes and then indulge in violence and indiscipline.

The structure itself is wrong. Unless and until you improve the structure, unless and until you improve upon the teachers, unless and until we improve upon ourselves, this sort of things is bound to continue. Basically, there may not be anything wrong with the students. But it is because of these things that they look to be wrong in the eyes of the society.

Before I conclude, I would like to give one prescription for Banaras Hindu University itself. Why don't they say "no more admissions from now onwards" ? Tell your teacher community : 'Sit among yourselves, put your heads together, dash yourselves among yourselves, find out a solution and implement it yourselves. It is a challenge to you. If you cannot solve this problem, you have no right to exist on public funds.' Let all further admissions be stopped. Let this challenge be given to the teachers. Let them find out their own solution and implement it. Probably the judicial probe contemplated will not do the job. The sort of approach I advocate seems to be a little radical, but the right type of approach hitting the right point. If this is adopted, probably a solution to BHU's troubles will be found.

Then the judicial probe should not be only for Banaras University. It should examine the entire educational system right from the Education Minister including even the UGC, including even the Model Acts of Universities. Everything should be examined. Unless and until such a thorough probe is done, the educational system cannot be reformed, and unless it is reformed, probably indiscipline will not go and even a small cause will continue to incite students.

SHRI BEDABRATA BARUA (Kaliabor) : So far as the student unrest is concerned, it is a lower aspect, because there has been student unrest—some term it as student rebellion also—against the hypocrisy of the social order that the student faces, against the inequalities and against the corruption and against all such allied aspects of society today. This has happened in France; it has happened in other European countries. This may happen anywhere in the world. Unless we can reform our society, this rebellious tendency would continue to dog us as it dogged the citizens of Athens even during the days of Aristotle.

The question that is important and relevant today is to find a solution to all these troubles within the framework that we have. This framework is one in which we have got a number of laws enabling a certain division of spoils amongst teachers and other office-bearers in a university. I believe we have to very carefully go into the whole mechanism of the division of offices in a university. I have on more than one occasion suggested that this division of offices in a university and the question of the amount of pressure that can be exercised over the Vice-Chancellor, or for that matter over any academic institution, must be very seriously gone into. We have to consider whether it is at all essential to hold elections to offices in many cases.

In an academic institution where in regard to the syllabus and other matters decisions have to be taken in the light of academic principles, one man is as good as another. Why not even resort to lots in selecting people for these offices, because I know that whatever happens in our universities is not due to the students. They are brought in by their elders. It may be the politician, it may be the teacher, it may be even some people who pretend that their academic pursuits must lead them to utilise the students, but the students do get utilised. There may be among the students a very small section which may like unrest, which may like to create trouble. In every society there would be a minority which would like to create trouble, but in every society there must also be means to control that minority, and that minority among the students can be controlled only by a sense of proportion among the majority of the students. That sense of proportion is not always there, and what can we do to restore it ? We can allow a certain dignity in academic

life. It exists. I have been associated with academic life for more than 15 years and I assert that dignity exists. The point is to bring out that capacity, that inclination in the students and teachers who feel a revulsion against all this kind of thing that is happening. It is not a question of going into enquiries or trying to find out who started the trouble. A lot of enquiry has taken place and a lot of enquiry has also been shelved, but as Mr. Amin rightly pointed out, we have ultimately to find out how the teachers themselves will be able to control the situation.

The first and most essential point which this Parliament should understand is that these teachers are capable of controlling the situation provided they take the initiative. They do not take the initiative not because of bad intention, but because there is not enough institutional arrangement to make them take the initiative at the right moment, at a time of crisis. To this we have also contributed in our own way.

The students see how other people in the society behave, how we behave, how we bring in politics into all issues. If we do that, we cannot prevent our youngsters from doing it. So, this is basically a question of example. Our example is so much at variance with our professions. The youth feels angry with us, but the issue remains there. The issue is one of violence against public property, violence which has been there in the whole country. We must deal with it firmly, but not in the way in which the Vice-Chancellor of the Banaras Hindu University has done.

I do not want to bring in any academic figure into the discussion, but at the same time, things have happened. When one set of students did something, there was no action taken, but when another set of students did the same things, some action was taken. I do not know how he explains it. I do not want to involve political parties in this, but unless the Vice-Chancellors or heads of academic institutions are able to remain neutral in these matters, the Government should deal with them firmly and also discipline them if necessary.

For example, we find that the Education Minister has to persuade the Vice-Chancellor of the Banaras University in regard to the appointment of a commission of inquiry in regards to its personnel. When the Education Minister wants an enquiry, he should have it on his own terms. I do not know what barrier there is in the Act itself, but there should be no barrier. When this Parliament wants to enquire into the affaire of a Central University, it should be possible to find out personnel, and if they are not acceptable to those people who have been partly responsible for the present state of affairs in [the Banaras University, it will not show their credentials in good light.

SHRI BAL RAJ MADHOK (South Delhi) : The problem of student unrest is not something new to this country. It is something which we are seeing all over the world, and to some extent it is natural.

The youth with all its energy needs some outlet, and when that outlet is not provided, when its idealism is not channelised, when the situation around is not to its liking, when it finds itself frustrated, it thinks it should take recourse to certain methods which may not be to the liking of those who stand for the *status quo*. But apart from these general things, what do we find in this country ? Our students, by and large—I can say from personal experience—are good, they are intelligent and they are disciplined too. But the question is : what have we done to make use of their abilities, and their energies for constructive purposes.

Before freedom the students did take part in the Freedom Movement. Their energies were channelised and the student community was comparatively small. Since Freedom their number has increased very much, but little has been done to give a new direction to the teaching system or to provide activities for their leisure. Every one knows that the students have a lot of leisure. They have energy. That energy must be channelised for constructive purposes. If you do not do that, it will find expression in some way and somehow. In this country the people have begun to think that he is a good man who does not speak, who does not create problems who does not fight. He is a *Bhola Manas*. He is a goody goody man. But the fact is that the so-called goody

[Shri Bal Raj Madhok]

goody people are no good. The boys have the energy and they will express it in some way. But we do not have enough work for them. There is no adequate provision for sports which could be one outlet for the students energy.

Before Freedom they took part in the Freedom Movement. Their idealism could be channelised. That also is gone. Opportunities are limited. They know that after they come out of the schools, there is nothing but darkness before them. These are some of the conditions. We are creating a situation in which the youth, even the good youth, even the youth who do not like indiscipline, even the youth who wants to make proper use of his energy, at times feels frustrated and he sometimes takes interest and pleasure in such things. It is no use blaming the students in general. There may be some bad students.

There are two elements which are to blame. One is the educational system. What have we done to change or reform the educational system in the last 21 years? When the British were there all the political leaders used to condemn it, saying 'It is British creation, they want to create clerks'. You have done nothing to improve the educational system. Rather it has become worse. During the Freedom days, even though there was no national content in education, there was nationalism outside. Now there is no national content in education nor is there any national feeling. There is no moral content in the education. All these years we have been laying stress only on one thing, that is, raising the standard of living. But we have done little to improve the economic condition of the country. We talk of standard of living. But we never talked of values. The standard of living has not risen. The other values have disappeared. As a result the average student has become a Trisanku. Therefore, the first criminal is the educational system itself and the people who are running the educational system in the country. In this matter, the Education Ministry of the Central Government is the worst criminal. It has done nothing for the last 20 years. The people who presided over the Education Ministry were the people who knew nothing of education. They were interested in politics, they were interested in creating disruption in the country. Such were the people who were running the Education Ministry in this country.

It is facilely said that it is the politics which is spoiling the thing. I say, Sir, if teachers take part in national politics, it does not in any way destroy or injure the discipline. On the other hand if teachers take part in politics, they will have a position in the public life and they can have more respect and better discipline. It is the internal politics of the colleges, it is the internal politics of the Universities which is creating the havoc. The teachers are selected, the Vice-Chancellors are selected and other officials are selected not on the basis of merit, not on the basis of idealism, but on the basis of caste, on the basis of influence, on the basis of pressure, and when they do things like that, how can you expect those teachers or the Vice-Chancellors or those principals to have any moral influence ? The youth of India has idealism; the youth has intelligence. The youth can be influenced only by those who have a higher moral stature, only by those who have a higher intellectual stature, but how many of your principals have that moral stature ? How many of your Vice-Chancellor have that intellectual stature ? There is lack of this moral and intellectual stature on the part of those who are to run the institutions, who are to act as leaders, and that is the reason why discipline is being eroded.

In the colleges and schools, what are the principles doing ? What are the Vice-Chancellors doing ? They have become bureaucrats. Have you ever heard of a college in which the principal has no teaching work at all ? In most of the colleges here and elsewhere, you find that the principals are purely administrative officers. They do not do any teaching work at all. Actually, the principal's job is mainly to be a better teacher. Unless he can do so, he cannot have any influence on the students. But here whether he is a good or a bad teacher, that does not matter. If he can manoeuver things he

can become a principal and then he becomes a bureaucrat.

Now, we talk of democracy, we talk of public participation. Here are the youth who are educated. You do not give them the right to vote. You do not want them to take interest in politics. Then what are they to do ? You do not want even to consult them in the matter of their daily, dire comforts. I can understand that in purely academic matters, you do not give them any say; it is for the academic bodies, the Vice-Chancellor or the Senate or the Academic Council to decide. But where it is purely a question of amenities, where it is a question of sheer comforts, why not the boys be consulted ? I have seen so many cases where very minor demands are put forth by the boys; they are genuine demands; yet, the principals or the authorities concerned brush them aside as if they have no meaning. And ultimately the boys do resent, and sometimes they rebel also.

And, therefore, we have to see what kind of education we are giving them and what kind of examples we set before them. They follow the example of their elders. After all, the students come from society. And what is the atmosphere in society today ? Indiscipline is new writ large over society. And how we behave, how the political leaders behave how the adults behave today, is having its effect on the students also. The way we are behaving in Parliament, that also is having its effect on the boys. They come and see how we are behaving and that is also having an effect : if we can be indisciplined, why not the boys also be indisciplined ? Therefore, we have to look into the wider aspects of the problem and not think only in narrow grooves.

Then, I am pained to say that some of the political parties and politicians, are trying to use the students for their own purposes. There are certain people who have adopted an anarchic and nihilistic approach to politics. They think that perhaps in the normal way, constitutional way, democratic way, they cannot come to power or they cannot get things done; and they have adopted a nihilistic approach; and this nihilistic approach is catching up with the students also. Just as the policemen have become trigger-happy and lathi-happy, the students have become stone-happy. It is not a good situation. The politicians also have a special responsibility. We must see to it that the students are politically educated; you cannot keep the students isolated from politics. They are part of the society; they are a most intelligent part of the society. Every student over the age of 18 must be given the right to vote. It is no use giving the right to vote to an absolutely ignorant and illiterate person because he is over 21, and not to give the student a right to vote—student of 18 or 20 even though he may be a graduate of a university. You want him to keep off politics. It is wrong. Students must take part in politics; they must understand politics. Of course it is in their own interests and in the interests of society also that they do not take part in active politics till they come out of the university portals. But you cannot keep them insulated from politics. Political thoughts must be carried to them. But, at the same time, we must see that we do not exploit them for any party purposes or for any small purposes.

I now come to the Banaras Hindu University. What is happening there ? The Banaras Hindu University is a premier institution of India. It is the one university which has been the cradle of Indian nationalism and Indian patriotism. It is the one university which has been known for its high educational standards and it is the one university which has the credit of having some of the ablest Vice-Chancellors. The present Vice-Chancellor of the Banaras Hindu University, Shri A. C. Joshi, is a renowned educationist. I know his record in Punjab. He is a man who could have changed the atmosphere of the Banaras Hindu University. But what is happening ? Some political parties, in certain matters, are not happy with the things as they are. They are trying to create anarchic conditions there. Look at the way they are doing it. I can understand students making some demands, but the way the properties are being burnt, the way vandalism is being indulged in, only shows that they have no interest in the university.They have no interest in students. They are only out to destroy. This is an example of nihilistic approach. I pay

(Shri Bal Raj Madhok)

tribute to the students of Banaras Hindu University, who have by and large maintained discipline and kept out of the agitations. Only some students with the help of outside goondas have been indulging in these things. While students have their rights, they have their responsibilities also. If some students or any other men break the law, they should be treated in the same way as other criminals. If we treat the students leniently, crime will increase. We should look into the wider aspects of the problem and try to tackle it.

Lastly, I suggest that a committee of people well versed in education, political life and public life should be set upto go into the entire question of student unrest. Only politicians will not be able to do it. It may be an official or non-official committee. That committee should go into the whole problem in depth and make suggestions, which should be implemented with great speed. I hope this suggestion will be accepted.

श्री ग्र० सिं० सहगल (बिलासपुर) : सभापति महोदय, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों का जो आन्दोलन चल रहा है उसे कैसे समाप्त किया जाय इसके ऊपर मैं अपने विचार संक्षेप में रखना चाहता हूं.....

SHRI VISHWA NATH PANDEY (Salempur) : On a point of order, Sir. My name is there in the list of movers and I have given notice of this motion under rule 193. But you are not calling me.

MR. CHAIRMAN : Hon. members are aware of the procedure adopted on such occasions. There is no point of order.

श्री ग्र० सिं० सहगल : वहां का एक विद्यार्थी होने के नाते मुझे बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के कार्य के बारे में जाती अनुभव प्राप्त है । मैं वहां पर सातवीं, आठवीं और नवीं कक्षा तक पढ़ा हूं । मैं अपने भाई के साथ जो कि कालिज में पढ़ते थे उनके साथ रहता था । उस वक्त वहां का सिस्टम यह था कि हम लोग जिस वक्त दस या साढ़े दस बजते थे तो वहां पर जो प्रार्थनाएं होती थीं उन प्रार्थनाओं में हम लोग शामिल होते थे । प्रार्थनाओं में शामिल होने के बाद हर एक विद्यार्थी जब अपने-अपने क्लास में जाता था तो बराबर जिस तरह से प्रार्थना करने के बाद हर एक आदमी अपने एक चिन्तन में रहता है उसी तरह के आत्मचिन्तन में वह विद्यार्थी भी रहा करते थे ।

सभापति महोदय, आपकी इजाजत से बम्बई युनिवरसिटी के वाइस चांसलर श्री पी० वी० गजेन्द्रगडकर ने जो इस बारे में कहा है वह मैं सदन में रखना चाहता हूं...

> "Dr. Gajendragadkar today called upon the university community to create a sense of ethos, a sense of purpose, a sense of dedication, to the cause of the service of the community."

देखने की चीज यह है कि ऐसा हम कर रहे हैं या नहीं । अभी जो वहां पर आन्दोलन चल रहा है उस आन्दोलन को हमें देखना चाहिये और फिर यह तय करना चाहिये कि उसमें हम कितनी मदद कर सकते हैं । दर-असल चीज यह है कि अगर हम स्ट्रांग ऐक्शन लेना चाहते हैं अपने विद्यार्थियों के प्रति तो वह हमारे लिए शायद ठीक नहीं होगा । इस बारे में हमारे यहां पर बनारस हिन्दू युनिवर्सिटी कौंसिल ने जो एक अपनी राय दी है उसे मैं सदन के सामने पेश करना चाहता हूं :

> "The Committee will recommend measures to improve discipline among the students. The Executive Council also prepared a panel of three judges and three educationists out of which the Vice-Chancellor should form the Committee.

यह जो कमेटी का सुझाव है उसको हमें मानने में कोई ऐतराज नहीं होना चाहिये । अगर वह कमेटी बैठ कर इसका सारा फैसला करती है तो हमें उसमें कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए । मैं आपसे अर्ज करूंगा कि इस

बारे में हमारा यह फर्ज हो जाता है कि हम उस पर जितना ज्यादा जोर दे सकते हैं वह दें ।

जैसा कि मेरे मित्र ने कहा है मैं किसी खास पार्टी पर किसी किस्म का दोष नहीं लगाना चाहता । हर एक विद्यार्थी जबकि वह बड़ा हो जाता है तो उसको पूरा अधिकार हो जाता है कि वह अपने मन व इच्छा के मुताबिक चले लेकिन जब तक कि विद्यार्थी पढ़ते हैं और जैसा कि मेरे दोस्त ने भी कहा है मैं चाहूंगा कि जब तक वह पढ़ते है तब तक उस पढ़ाई के जमाने में विद्यार्थियों में अनुशासन का होना नितांत आवश्यक है । अब अगर आप उसको वोट का अधिकार देते हैं तो बेशक वोटिंग का अधिकार आप विद्यार्थियों को दीजिये मुझे उसमें कोई ऐतराज नहीं होगा ।

बनारस हिन्दू युनिवरसिटी एफेयर्स के बारे में 17 तारीख को प्रेसीडेंट डा० जाकिर हुसैन और हमारे एजुकेशन मिनिस्टर साहब से जो वार्तालाप हुआ है उसका भी मैं जिक्र कर देना आवश्यक समझता हूं :

> One of the charges levelled in the memorandum is that the University has become a centre of the R. S. S. Instead of curbing indiscipline, lawless elements are being encouraged. The atmosphere is surcharged with unacademic and unlawful activities, unbecoming of the great institution, it is alleged.

अब हमारे सेन साहब काफी अच्छे तरीके से इस सारी समस्या को जानते हैं, बहुत बुजुर्ग हैं और काफी उनको इसका तजुर्बा है और मैं समझता हूं कि जो चीज उनको देखने को मिली होगी वही सत्य चीज उन्होंने जाकर प्रेसीडेंट साहब के सामने कह दी है । उसी सत्य स्थिति को उन्होंने उनके सामने रखा है ।

जैसा कि सलाह दी गई है मैं भी चाहता हूं कि इस बारे में एक कमेटी बनाई जाय और उसके जरिये तमाम मामलात की जांच-पड़ताल कराई जाय और सरकार को उस की रोशनी में इस समस्या के हल के लिए शीघ्र आवश्यक कदम उठाने चाहिए क्योंकि अगर समय रहते इसका निदान नहीं किया गया तो इसका एक बहुत बुरा असर पड़ेगा । इन शब्दों के साथ मैं चाहूंगा कि सरकार इस बारे में गम्भीरतापूर्वक विचार करके आवश्यक कार्यवाही करे ।

14.48 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the chair.*]

श्री योगेन्द्र शर्मा (बेगुसराय) : उप-सभाध्यक्ष महोदय, काशी विश्वविद्यालय का प्रश्न एक बहुत ही गम्भीर व महत्वपूर्ण प्रश्न है । वह हमारे लिए इसलिए भी विशेष महत्वपूर्ण और चिन्ता का प्रश्न है क्योंकि वह हमारे देश की सबसे बड़ी रेजीडेंशियल युनिवरसिटी है जिसमें 4,000 विद्यार्थी रहते हैं और 12,000 विद्यार्थी पढ़ते हैं । वह हमारे लिए विशेष दिलचस्पी का विषय इसलिए भी है क्योंकि केन्द्रीय सरकार हमारे देश में इस काशी विश्वविद्यालय को सबसे अधिक पैसे की मदद करती है । फी विद्यार्थी सालाना 25,00 रुपये की मदद इस काशी विश्वविद्यालय को दी जाती है । अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि जबकि वहां पर अक्टूबर, नवम्बर में संकट की स्थिति पैदा हो गई तो उस वक्त वहां के विद्यार्थियों और दूसरे लोगों ने जब वहां उनको न्याय नहीं मिला तो दिल्ली में शिक्षा मंत्री के दरवाजे को खटखटाया और केन्द्रीय सरकार के अन्य मंत्रियों के दरवाजे खटखटाये । लेकिन वे वहां की समस्या को एक अनुशासन और व्यवस्था की समस्या बता करके अपनी जिम्मेदारी निभाने से बगल काट गये । उन्होंने सिर्फ बगल ही नहीं काटी बल्कि मैं तो शिक्षा मंत्री पर विशेष आरोप करना चाहता हूं क्योंकि उन्होंने अनुशासन और व्यवस्था का प्रश्न मानकर वहां के उपकुलपति का एक तरीके से पक्षपात किया जबकि

[श्री योगेन्द्र शर्मा]

उन्होंने उनके इस सुझाव को मान लिया कि उपकुलपति और उनकी एक्जीक्यूटिव कमेटी जो भी जांच कमेटी बनायगी वह भी वहां की समस्या की देखभाल करेगी। अब हम और आप जानते हैं कि वहां के विद्यार्थियों के एक बहुत बड़े समुदाय ने वहां के उपकुलपति के खिलाफ बहुत ही गम्भीर आरोप लगाये हैं। उन्होंने उनके ऊपर यह गम्भीर आरोप लगाया है कि उन्होंने उपकुलपति के पद और मर्यादा का उल्लंघन करके एक गुट विशेष साम्प्रदायिकता के आधार पर बनाया, उसका विशेष पक्षपात किया है और उस पक्षपात के जरिये विश्वविद्यालय का वातावरण इतना दूषित कर दिया है कि आज वहां पर जनतंत्र दम तोड़ रहा है।

उपाध्यक्ष महोदय, आप जानते ही हैं कि यह झगड़ा कहां से शुरू हुआ ? यह झगड़ा तब शुरू हुआ जब वहां यूनियन के चुनाव का प्रश्न उठा। वहां के आम विद्यार्थियों ने विद्यार्थियों के बहुमत ने अपनी यूनियन का चुनाव किया और यह चुनाव ऐसा हुआ जिस को कि उपकुलपति ने पसन्द नहीं किया। इसको उपकुलपति पसन्द नहीं करते थे। इसीलिए उन्होंने पहले से ही अपने एक आदमी को वहां की यूनियन का प्रेजीडेंट बनाने की कोशिश की थी और उसको प्रेजीडेंट बनाने की कोशिश में वह यहां तक चले गये थे कि यूनियन के विधान के मुताबिक जो व्यक्ति सक्षम नहीं था, योग्य नहीं था, उस व्यक्ति को उन्होंने उस पद के लिए उम्मीदवार खड़ा किया। वहां विद्यार्थियों के बहुमत ने उस व्यक्ति को ठुकरा दिया और अपने प्रतिनिधि को चुना। जब उन्होंने अपने प्रतिनिधि को चुना तो उस प्रतिनिधि को आज एक्सपैल कर दिया गया है। किस आधार पर एक्सपैल किया गया है ? इस आधार पर किया गया है कि वहां पर अनुशासन और व्यवस्था की रक्षा की जानी है। उपकुलपति के खिलाफ जो सब से गम्भीर आरोप है वह यह है कि उपकुलपति बनने के बाद से उन्होंने पक्षपात का एक चश्मा लगा रखा है और अनुशासन और व्यवस्था के नाम पर वहां बहुत ज्यादतियां हो रही है, कत्ल हो रहे हैं।

पिछले दिनों वहां पर कनवोकेशन हो रहा था। उस कनवोकेशन के मौके पर दो बालिका विद्यार्थियों के साथ छेड़खानी की गई और उस छेड़खानी के सिलसिले में तीन विद्यार्थी पकड़े गये। जब उनके केस को कोर्ट आफ आनर के सुपुर्द किया गया और कोर्ट आफ आनर के प्रधान जज ने जब उन विद्यार्थियों को दोषी ठहराया और एक्सपैल करने की सिफारिश की तो उसकी सिफारिश को धता बताकर उनको फिर से बहाल कर लिया गया और न सिर्फ बहाल कर लिया गया बल्कि उपकुलपति के आज वह एक प्रधान अंगरक्षक भी हैं। हमारी बालिका के मान का अपहरण करने वाले असामाजिक तत्व उपकुलपति के अंग रक्षक हों और उनके खिलाफ अनुशासन की कार्रवाई करने की उन को हिम्मत न हो और हिम्मत हो उस एन० पी० सिन्हा के खिलाफ जो वहां के विद्यार्थियों के निर्वाचित प्रतिनिधि हैं और यूनियन के प्रेजीडेंट हैं, इसकी किस तरह से हिमायत की जा सकती है ?

उसी विश्वविद्यालय के प्रांगण में एक व्यक्ति की हत्या की जाती है। वह व्यक्ति बदकिस्मती से या खुशकिस्मती से अल्पसंख्यक सम्प्रदाय का होने के नाते एक समुदाय विशेष के क्रोध का विशेष पात्र हो जाता है और उसकी हत्या की जाती है। उपकुलपति को यदि न्याय, अनुशासन और व्यवस्था से थोड़ी भी मुहब्बत होती तो वह न्याय का सहारा लेते, उनको सहयोग देते लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट है कि जब पुलिस ने इसमें कार्रवाई करने की पहल की तो उपकुलपति ने पुलिस को सहयोग देने से इन्कार कर दिया और इस तरह से

उस हत्या पर परदा डाल दिया । इस तरह से दिन दहाड़े वहां पर उपकुलपति एक गुट विशेष, एक सम्प्रदाय विशेष का पक्ष और समर्थन पाने के लिए या उस पक्ष को सहयोग देने के लिए वहां पर अव्यवस्था का एक वातावरण पैदा करते हैं। इस चीज के खिलाफ जब वहां के विद्यार्थी लड़ते हैं और लड़ेंगे क्योंकि हमारे विद्यार्थी उम्र के हिसाब से और शिक्षा के हिसाब से प्रगति और परिवर्तन के अग्रदूत हैं और कभी भी इस तरह की चीज को बरदाश्त नहीं कर सकते हैं कि उपकुलपति एक समुदाय विशेष, एक सम्प्रदाय विशेष का पक्ष लेकर विश्वविद्यालय के वातारण को गंदा करें। इसके लिए विद्यार्थियों को प्रशंसा ही की जानी चाहिये।

कहा जाता है कि वहां पर राजनीतिक दाव-पेंच चल रहे हैं, राजनीतिक दलों में आपस में कशमकश चल रही है और इस वास्ते इस तरह की घटनायें वहां घट रही हैं। लेकिन आप देखें कि वास्तविकता क्या है वहां की विद्यार्थी यूनियन ने जो तमाम विद्यार्थियों की निर्वाचित यूनियन है मांग की थी कि चूंकि वहां पर विद्यार्थियों के रहने के लिए छात्रावास में जगह नहीं है इसलिए जो रोवा भवन है यदि उसको छात्रावास के लिए उपलब्ध कर दिया जाए तो वहां पर दो सौ सीटें विद्यार्थियों के लिए होस्टल में मिल सकती है। लेकिन उपाध्यक्ष महोदय, आप देखें कि आज उस भवन को अमरीकन इंस्टीट्यूट को दे दिया गया है। क्या इस विश्वविद्यालय को महामना मालवीय जी ने इसी लिए बनाया था कि वहां पर अमरीकन इंस्टीट्यूट कायम की जाए ? मैं अपने मित्र प्रो० बलराज मधोक से कहना चाहता हूं और पूछना चाहता हूं उनसे कि यह कहां की राष्ट्रीयता है कि वहां पर अमरीकन इंस्टीट्यूट कायम की जाए और उसको छात्रावास के लिए न दिया जाए। इसका समर्थन आज बलराज मधोक जी तथा उनके पीछे चलने वाले लोग वहां पर कर रहे हैं। क्या यह राष्ट्रीयता है ?

दूसरा सवाल यूनियन ने वहां पर यह उठाया है कि विद्यार्थियों के साथ पक्षपात नहीं होना चाहिये। विद्यार्थियों का एक समूह वहां पर आर० एस० एस० की शाखा लगाना चाहता है और उसको शाखा लगाने की स्वतंत्रता दे दी जाती है लेकिन दूसरा समुदाय जो है उसको इस तरह की कोई स्वतंत्रता नहीं दी जाती है। क्या यह पक्षपात नहीं है और अगर है तो क्या इसका समर्थन किया जा सकता है ? क्या इस तरह के पक्षपात को वहां चलने दिया जाना चाहिये ? वहां पर यूनियन ने मांग की है इस तरह की जो चीज है यह बन्द होनी चाहिये। हम शिक्षा मंत्री जी को अच्छी तरह से जानते हैं। वह धर्म निरपेक्षता के एक बहुत पक्के अनुयायी हैं। जनतंत्र के वह बहुत पक्के अनुयायी हैं। उनको कहना चाहिये कि ऐसा नहीं हो सकता है कि उपकुलपति जिस को चाहें नियुक्त करें और वही सारे मामले की जांच करे। उनको तो कम से कम विजिटर के पास सिफारिश करनी चाहिये थी कि विजिटर जो हमारे राष्ट्रपति हैं, वह एक विशेष और उच्चाधिकार प्राप्त कमिशन नियुक्त करें। लेकिन इससे वह भाग गए हैं। शायद वह समझते हैं कि कभी वह भी उपकुलपति वहां के रह चुके हैं और अपने साथी उपकुलपति के खिलाफ कदम उठाने में शायद उनके हृदय में पुरानी ममता जागृत हो गई है। जो उनके धर्म का रास्ता है, जो उनके कर्त्तव्य का रास्ता है, उस रास्ते में ममता बाधक बन रही है। मैं उन से कहूंगा कि वह अपने कर्त्तव्य को निभायें और ममता को त्यागें। ममता को देखोगे तो कर्त्तव्य का हनन होगा। हम आशा करते हैं कि वह अपने कर्त्तव्य को निभायेंगे। वहां पर एक उच्चाधिकार प्राप्त कमिशन नियुक्त हो। इस कमिशन को विजिटर नियुक्त करे। इसकी आप उनके पास सिफारिश करें और आप अपने विगत वक्तव्यों को वापिस लें। उस वक्तव्य में आपने उपकुलपति का पक्ष लिया था और उनके तानाशाही रवैये का समर्थन किया था। इससे उपकुलपति के तानाशाही रवैये को बढ़ावा मिला था।

[श्री योगेन्द्र शर्मा]

हम अपने जिगर के टुकड़े, विद्यार्थियों के साथ उस तरह का बरताव नहीं कर सकते हैं जिस तरह का बरताव किया गया है। सरस्वती के मंदिर को आज पुलिस की छावनी बना दिया गया है और विद्यार्थियों के निर्वाचित प्रतिनिधियों, परम प्रिय विद्यार्थियों को एक-एक करके विश्वविद्यालय से निकाला जा रहा है। सात विद्यार्थी जो वहां के सब से ज्यादा लब्ध प्रतिष्ठ विद्यार्थी हैं उनको निकाल दिया गया है जिसमें स्टुडेंट्स यूनियन का प्रेजीडेंट और भूतपूर्व प्रेजीडेंट दोनों हैं। उनको वापिस लिया जाना चाहिये। मैं शिक्षा मंत्री को याद दिलाना चाहता हूं कि उन्होंने अपने उपकुलपति काल में विद्यार्थियों के साथ सहानुभूति का बरताव शुरू किया था और उसके फलस्वरूप वहां के विश्वविद्यालय के वातावरण में बहुत हो सुधार हुआ था और इस सब का श्रेय आपके ऊपर है। आज भी आप उस परम्परा को निभायें, न कि तानाशाह उपकुलपति के हाथ, आटोनोमी के नाम पर, मजबूत करें और यूनिवर्सिटी के भाग्य और भविष्य को ही खत्म कर दें।

श्री विश्वनाथ पांडेय (सलेमपुर): उपाध्यक्ष महोदय, आज यहां पर बनारस विश्वविद्यालय में घटी घटनाओं को लेकर छात्रों में व्याप्त असन्तोष के बारे में चर्चा हो रही है। यह विषय बहुत ही गम्भीर है और मैं समझता हूं कि गम्भीरता के साथ इस पर विचार भी होना चाहिये।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं उस विश्वविद्यालय का विद्यार्थी रहा हूं उस समय जबकि महामना मालवीय जी वहां के उपकुलपति थे। उनका यह विचार था कि यह एक आदर्श विश्वविद्यालय बने, हिन्दू विश्वविद्यालय प्राचीन गुरूकुल के समान हो, इसमें दस हजार विद्यार्थी पठन-पाठन करें, यहां के विद्यार्थी भारतीय संस्कृति को संसार में फैलायें और यहां से ऐसे मेधावी छात्र बाहर निकलें कि जो हर दृष्टि से भारत के सिर को ऊंचा करें। लेकिन दुर्भाग्य के साथ मुझे कहना पड़ता है कि यह विद्या मंदिर जिस को मालवीय जी अपने स्वप्नों का एक आदर्श विद्या मंदिर बनाना चाहते थे, इसी के प्रांगण में आज अराजकता फैली हुई है, बरबरता फैली हुई है, लूटपाट, मार, आगजनी हो रही है और राष्ट्रीय सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इस सब को देख कर बड़ा कष्ट होता है। यह कष्ट मुझे ही नहीं इस सदन के सभी माननीय सदस्यों को और बाहर के लोगों को भी हो रहा है।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि इस विश्वविद्यालय में डा० राधाकृष्णन से लेकर डा० जोशी तथा डा० त्रिगुण सेन जैसे अच्छे-अच्छे शिक्षा विशारद रह चुके हैं।

डा० जोशी एक प्रसिद्ध विद्वान हैं, शिक्षा-विशारद हैं और किसी भी राजनैतिक दल से उनका सम्बन्ध नहीं है। वह चाहते हैं कि उस विद्या मन्दिर द्वारा विद्या का प्रसार हो। लेकिन मैं स्पष्ट कहना चाहता हूं कि काशी विश्वविद्यालय इस वक्त विद्या मन्दिर नहीं रह गया है, बल्कि आज वह जनसंघ, कम्युनिस्ट पार्टी, प्रजा सोशलिस्ट पार्टी, संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी आदि विभिन्न राजनैतिक पार्टियों का एक अखाड़ा बन गया है।

15 hrs.

एक माननीय सदस्य: कांग्रेस पार्टी का नहीं ?

श्री विश्वनाथ पाण्डेय: मैं इन सब पार्टियों के नेताओं से निवेदन करना चाहता हूं कि अगर वे अपने आप को वहां से हटा लें, तो उस विद्या मन्दिर में शान्ति-स्थापना हो सकती है।

हाल की घटनाओं के सम्बन्ध में मैं कहना चाहता हूं कि 3 दिसम्बर को विश्वविद्यालय के चार विद्यार्थियों को उन की बर्बरता,

उदंडता और अनुशासनहीनता के कारण विश्वविद्यालय से निष्कासित किया गया और उसके कारण 7, 8 दिसम्बर को उस विद्या मन्दिर में बड़ी अराजकता फैली, विश्वविद्यालय की बस को उलट दिया गया, पुस्तकालय को जलाने का प्रयत्न किया गया, विद्यार्थियों का आपस में संघर्ष हुआ, प्राक्टर को घेर लिया गया और अध्यापकों को मारा गया। इन सब घटनाओं के पीछे राजनैतिक हाथ था। अगर वह न होता, तो मैं समझता हूं कि विश्वविद्यालय में यह स्थिति न होती।

उस आन्दोलन की आग सिर्फ बनारस यूनिवर्सिटी तक ही सीमित नहीं रही है, बल्कि उस का प्रसार बनारस शहर, इलाहाबाद लखनऊ और आगरा तक हो गया है। वहां के लोग आतंकित हैं। बाहर के लोगों, विशेष कर गुंडों और असामाजिक तत्वों द्वारा इस आन्दोलन से अनुचित लाभ उठाये जाने के कारण वहां पर एक भीषण वातावरण पैदा हो गया है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि काशी विश्वविद्यालय में शान्ति स्थापित की जाये। मैं समझता हूं कि उस विश्वविद्यालय को एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय होने के नाते केन्द्रीय शिक्षा मंत्री का इस सम्बन्ध में विशेष कर्त्तव्य है। वहां पर यह आन्दोलन एक मास से चल रहा है और लगभग एक सप्ताह से उस ने एक उग्र रूप धारण कर लिया। इस अवधि में शिक्षा मंत्री महोदय ने क्या कार्यवाही की है? उनका कर्त्तव्य था कि वह जल्दी से जल्दी उस आन्दोलन को खत्म करवा के वहां पर शान्ति का वातावरण पैदा करते। मैं समझता हूं कि विश्वविद्यालय की स्वायत्तता के कारण इस समस्या के समाधान के लिए अपना हाथ न बंटाने की बात कह कर वह अपने कर्तव्य को नहीं निभा रहे हैं। चाहे डा० जोशी हों, चाहे विद्यार्थी हों और चाहे अध्यापक हों, जहां भी कोई गड़बड़ी या त्रुटि हो, उस को वह दूर करने का प्रयत्न करें।

मैं समझता हूं कि जब तक किसी विद्या मन्दिर के तीन महत्वपूर्ण अंगों-प्रबन्ध समिति, विद्यार्थी और अध्यापक में सद्भाव और मेल-जोल नहीं होगा, तब तक वह विद्या मन्दिर सुचारू रूप से नहीं चल सकता है। काशी विश्वविद्यालय में इन तीनों में कोई मेल-जोल नहीं है; तीनों अलग-अलग दिशा में जा रहे हैं। अध्यापकों का उपकुलपति के प्रति विश्वास नहीं है और विद्यार्थी तो तांडव-नृत्य कर ही रहे हैं। उस विश्वविद्यालय में इन तीनों में मेल तभी हो सकता है, जब कि केन्द्रीय मंत्री महोदय विशेष रूप से इस मामले में हस्तक्षेप करें।

अन्त में मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं। जो विद्यार्थी जेलखाने में बन्द कर दिये गये हैं, उन्हें अविलम्ब रिहा कर दिया जाये। चूंकि छात्र-आन्दोलन सिर्फ यूनिवर्सिटीज तक ही सीमित नहीं है, बल्कि वह सारे देश का प्रश्न है, इस लिए इस समस्या के बारे में विचार करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक समिति बनाई जाये, जिस में देश के बड़े-बड़े शिक्षा-विशारद रखे जायें। वह समिति इस बात पर भी विचार करे कि उस विश्वविद्यालय में महामना मालवीय जी के शान्ति स्थापना और "वसुधैव कुटुम्बकम्" के आदर्श को किस प्रकार पुनः प्रतिष्ठापना की जाये।

छात्रों और अध्यापकों का बड़ा सम्बन्ध होता है। उत्तर प्रदेश में माध्यमिक और प्राथमिक अध्यापकों की ओर से हड़ताल और आन्दोलन किया जा रहा है। उन में से बहुत से लोग जेलखाने में हैं। शिक्षा मंत्री महोदय कृपया हस्तक्षेप करके, गवर्नर को कह कर, माध्यमिक अध्यापकों को वेतन दिलायें और उन्हें जेल से रिहा करवायें, ताकि उत्तर प्रदेश में एक स्वच्छ, शुद्ध और शान्त वातावरण पैदा हो।

श्री सत्य नारायण सिंह (वाराणसी): उपाध्यक्ष महोदय, पांच मिनट में इस विषय पर अपनी राय देना आसान बात नहीं है,

[श्री सत्य नारायण सिंह]

लेकिन हिन्दू यूनिवर्सिटी में जो घटनायें हो रही हैं, उनके बारे में मैं आप के सामने स्पष्ट रूप से कुछ कहना चाहता हूं।

यहां पर हमारे मित्र ऐसी बातें कह जाते हैं, जिन को सुनने से पता चलता है कि वास्ताविकता और सच्चाई के साथ उनका कोई सम्बन्ध नहीं है, या तो उन्हें कोई जानकारी नहीं है और या वे जानबूझ कर सच्चाई पर पर्दा डालने की कोशिश किया करते हैं।

छः महीने से हिन्दू विश्वविद्यालय में जो घटनायें घट रही हैं, उनकी तरफ न केवल वाइस-चांसलर का, बल्कि सेंट्रल गवर्नमेंट का भी, ध्यान खींचने की कोशिश की गई। जो मित्र भारतीय संस्कृति की बात करते हैं, वे देखें कि हिन्दू विश्वविद्यालय में जो कुछ हो रहा है, उस के पीछे असली कारण क्या है। मैं उन से कहूंगा कि वे इन बातों को दबाने की कोशिश न करें।

क्या बात यह सही नहीं है कि कानवोकेशन के समय चार लड़कियों पर घेरा डाला गया, जिस को कार्ट को मीटिंग में वाइस-चांसलर ने स्वीकार किया ? यह किसी के प्रापेगेंडा या प्रचार की बात नहीं है। वाइस-चांसलर ने घुमा-फिरा कर यह स्वीकार किया कि लड़कियों का रिक्शा घेरा गया और वे रिक्शा से कूद कर उस घेरे में से भाग गई। कोर्ट की मीटिंग की प्रोसीडिंग्ज में वाइस-चांसलर के उस वक्तव्य को देखा जा सकता है।

शिक्षा मंत्री डा० त्रिगुण सेन द्वारा विद्यार्थियों का जो कोर्ट बनाया गया था, यह मामला उस के सुपुर्द किया गया। उस कोर्ट में जो विद्यार्थी थे, उन को धमकी दी गई, पर्चे निकाले गये कि अगर उन्होंने खिलाफ फैसला किया, तो उन्हें मौत के घाट उतार दिया जायेगा। कोर्ट के जजिज डर गये, लेकिन चीफ जस्टिस ने खिलाफ फैसला दिया। क्या बाद में चीफ जस्टिस पर हमला नहीं किया गया, क्या उन्हें चोटें नहीं पहुंचाई गई, क्योंकि उन्होंने हिम्मत दिखाई और सही जजमेंट दिया ?

बिड़ला होस्टल में एक लड़की को चार लड़कों ने रेप किया। श्री ज्योतिभूषण गुप्त ने, जो बरसों तक विश्वविद्यालय के खजांची रह चुके थे, पत्र लिख कर वाइस-चांसलर को कहा कि इस घटना की जांच होनी चाहिए। कोर्ट की मीटिंग में वाइस-चांसलर ने कहा कि मैंने जांच की है, बात यह है कि एक लड़के की बहन आई थी। इस तरह इस घटना पर पर्दा डालने की कोशिश की गई।

एक मुसलमान लड़के को जान से मार दिया गया, क्यों ? अगर उसने चोरी की थी, तो उसको दण्ड मिलना चाहिए था। लेकिन जिस ग्रुप ने उस को पकड़ कर चीफ प्रोक्टर के सुपुर्द किया, जब वह वहां से लौट कर आया तो किसी ने कहा कि यह मुसलमान है, यह किसी दिन राष्ट्रपति बन सकता है। तब वही ग्रूप फिर लौट कर चीफ प्रोक्टर के पास गया और उस लड़के को उस की कस्टडी से निकाल कर ले आया और सड़क पर ही उस का मर्डर किया गया। आज तक उस घटना की जांच नहीं हुई है।

SHRI BAL RAJ MADHOK : May I know whether this debate is meant for cock and bull stories ? What he says is absolutely false and baseless.

श्री सत्य नारायण सिंह : यह केस पुलिस में रिपोर्टिड है। पुलिस ने इस बारे में कोई एनक्वायरी नहीं की।

इन सब घटनाओं के बाद जब यूनियन का चुनाव हो रहा था, तब इल्लीगल तरीके से दामोदर सिंह को टिकट दिया गया, हालांकि उसे वैध तरीके से चुनाव लड़ने का अधिकार नहीं था। वह चुनाव में हार गया और वही असली कारण है कि यूनिवर्सिटी में ये खुराफात बढ़ीं।

विद्यार्थी इन सब बातों को शिक्षा मंत्री और राष्ट्रपति के पास लेकर आये। जब उन के लौटने पर वाइस-चांसलर को मालूम हुआ कि ये लोग मेरे खिलाफ डेपूटेशन लेकर गये थे, तो उन विद्यार्थियों को निकाल बाहर किया गया। यूनिवर्सिटी से निष्कासित किया गया। उन लोगों ने जब इसकी आवाज उठाई, यहां प्रतिनिधि मंडल लेकर आए, मेमोरेंडम दिया तो नाजायज तरीके से उन विद्यार्थियों को जो गन्दगी और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठा रहे थे, निकाल कर बाहर कर दिया गया और तमाम बदमाशियां करने वाले लोगों को अपने बंगल में रख कर के शरण दी जा रही है। आज तक उन के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया गया। हम ने पूछा कि आप ने इन के खिलाफ, इतना घृणित काम करने वाले, भारतीय संस्कृति पर लीपापोती और आघात करने वाले लोगों के खिलाफ कोई कदम क्यों नहीं उठाया तो उन्होंने कहा कि उनके घर के लोग आए और इतना रोये कि हमारा पैर उनके आंसुओं से भींग गया, इसलिए मैं पसीज गया और इन दानवों के खिलाफ, इन पिशाचों के खिलाफ हमने कोई कार्यवाही नहीं की। यह उन का बयान है। और उन विद्यार्थियों के लिए एस० एस० पी० बीच में पड़े। आन्दोलन को खत्म करवाया और कहा कि हम मामला तय कर देंगे। पांच दिन तक विद्यार्थियों ने उनका इन्तजार किया। बाद में एस० एस० पी० ने कह दिया कि वाइस-चांसलर कहते हैं कि हम कोई बात, कोई आश्वासन पूरा करने के लिए तैयार नहीं हैं। तो फिर आन्दोलन की तैयारी हुई। उसमें विद्यार्थियों को पीटा गया। मैं आंख से देख कर आया हूं, उपाध्यक्ष महोदय, विद्यार्थियों को अपने बंगले में बुला कर, उन्हें पकड़ कर बुरी तरह से पीटा गया। उसमें एक लड़के की आंख फूट गई। पेशाब में खून आने लगा। कोई लड़का ऐसा नहीं था जो उठ सकता था या चल सकता था। पुलिस ने नहीं पीटा। वाइस-चांसलर ने अपने बंगले पर असामाजिक तत्वों और गुंडों के जरिए से उन सभी लड़कों को पीट कर उन को बरबाद किया और तब पुलिस के हवाले किया। इस घटना को सुन कर सारे शहर में, सारे बनारस के विश्व-विद्यालयों में आग भड़की.....(व्यवधान)..... यह दानव लोग सच्चाई पर परदा डालने की कोशिश करते हैं। मैं पूछता हूं क्या मजूमदार की आंख नहीं फूटी, क्या उस के पेशाब में खून नहीं आया, क्या उस के पैर नहीं तोड़े गए? क्या बीस-बीस विद्यार्थी अस्पतालों में नहीं पड़े हैं?

MR. DEPUTY-SPEAKER : You must conclude.

SHRI NAMBIAR (Tiruchirappalli) : He comes from Banaras.

श्री सत्य नारायण सिंह : यह वाइस-चांसलर के बंगले की कहानी है जहां पर गुंडों और असामाजिक तत्वों को इकट्ठा कर के विद्यार्थियों को पीटा जा रहा है और इस तरह इस की आग चारों तरफ भड़क रही है। काशी विद्यापीठ में फैल रही है, सारे शहर में फैल रही है और सारे प्रान्त में फैल रही है। इन छोटी-छोटी घटनाओं को संभालोगे नहीं, दूरदर्शिता से काम नहीं लोगे, विलम्ब करोगे, टालोगे तो परिणाम यही होंगे जो देख रहे हो। मैं शिक्षा मंत्री से चाहूंगा कि आप जो कमेटी का फैसला लिए थे.....

MR. DEPUTY-SPEAKER : He must conclude now.

श्री सत्य नारायण सिंह : उस पर अमल नहीं हो रहा है क्यों कि आप के हाथ पैर बंधे हुए हैं। यहां जो लोग बैठे हुए हैं जो मंत्रित्व चला रहे हैं, राज्य चला रहे हैं, वह शिक्षा मंत्री को कुछ करने नहीं देते हैं...(व्यवधान).. इसलिए जल्दी से जल्दी कोई निष्पक्ष कमेटी किसी निष्पक्ष जज के मातहत कायम होनी चाहिए और इन तमाम घटनाओं की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

SHRI BAL RAJ MADHOK : Is this time limit only meant for those who are law-abiding, who follow the directions of the Chair ? (*Interruption*) You should not encourage rowdyism. This is putting premium on rowdyism in the House. I protest strongly against this kind of thing.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Your protest is justified. The time will be debited from the time allotted to the group for the Teachers' debate.

SHRI SHEO NARAIN (Basti) : We are all supporting Shri Bal Raj Madhok, Sir.

MR. DEPUTY-SPEAKER : The time will be debited to the time allotted to the Group for the Teachers' Debate. That is enough.

श्री कंवर लाल गुप्त (दिल्ली सदर): मेरा प्वाइंट आफ आर्डर है । अभी जो माननीय सदस्य फरमा रहे थे, डिबेट क्या थी और यह बोल क्या रहे थे ? यह सारा वाइस-चांसलर के खिलाफ बोल रहे थे । जो व्यक्ति यहां नहीं है और जो अपने आप को डिफेंड नहीं कर सकता उसके ऊपर आरोप लगाना .....(**व्यवधान**)

MR DEPUTY-SPEAKER : That is not proper. If the hon. Minister feels that the vice-chancellor needs any defence, then he will give it.

श्री सीताराम केसरी (कटिहार): प्वाइंट आफ आर्डर । जिन लोगों ने 193 में अपना नाम बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी के संबंध में वाद-विवाद के लिये दिया है, उन्हें आप पहले अवसर दें । मेरा ख्याल है कि जिन लोगों को दिलचस्पी है इस में और जो जानते हैं इस मामले को, जिन्होंने आपके सामने अपना नाम दिया है, 193 की डिबेट के लिए उनको आप मेहरबानी कर के बुलाएं और उसके बाद दूसरों को बुलाएं ।

MR. DEPUTY-SPEAKER : No, we are following the usual procedure.

श्री शशि भूषण (खरगोन) : अध्यक्ष महोदय, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी का मसला एक बहुत बड़ा मौलिक प्रश्न है जो हमारी शिक्षा पद्धति में एक मोड़ लाया जायेगा तभी हल हो सकता है । पहली बात तो यह है, मैं हाउस में एक दो बार और भी कह चुका हूं कि जब तक इस देश के विद्यालयों के नाम हिन्दुओं, मुसलमानों और ईसाइयों के नाम पर रखे रहेंगे तो उसका परिणाम यही होगा । जब कभी इस हाउस में प्रश्न आया कि हिन्दू यूनिवर्सिटी का नाम बदला जाय, मुस्लिम यूनि सिटी का नाम बदला जाय, ईसाइयों के स्कूलों के नाम बदले जायें उस वक्त जो इस का खौफ खाते हैं, तो हम लोग तो कबीर से भी पीछे चले गए जो पाखंडियों के खिलाफ आवाज बुलन्द नहीं कर सकते । कम-से-कम, शिक्षा संस्थानों में जहां हमारे देश के समाजवादी नेता आगे पैदा होने हैं, बनने हैं, उनके भविष्य पर क्यों कुठाराघात किया जा रहा है ?

अध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी में जो घटनाएं घटी हैं उस पर तो हरएक व्यक्ति को शर्म आएगी चाहे हमारे बलराज मधोक जी हों या कोई हों । मैं जानता हूं वह खुद एक चरित्रवान व्यक्ति हैं उन पर किसी को एतराज नहीं हो सकता । लेकिन मैं इतना कहूंगा कि वहां पर रक्षा बन्धन के लिए एक जलसा किया गया । वहां लड़कियां गईं । जिन्होंने रक्षा बन्धन के लिए उन को बुलाया बाद में उन्होंने उन के साथ बलात्कार किया । यह इतना बड़ा अन्याय है मैं समझता हूं कि अगर इसका पता लग जाय कि वह कौन लोग हैं तो यह अपने हाथ से उनका गला घोट देंगे । इस के बाद क्या हुआ ? वहां विद्यार्थियों को कुछ न्याय करने का अधिकार दिया गया । उन विद्यार्थियों की अपनी एक कोर्ट है । उस यूनियन की कोर्ट ने फैसला किया कि जिन विद्यार्थियों ने बलात्कार किया है उनको विश्वविद्यालय से निकाल दिया जाय और उन

को निकाला गया । उस के बाद पता नहीं क्या हुआ कि जिन लोगों ने फैसला किया उन के ही हाथ पैर तोड़े गए और उन लोगों को फिर विश्वविद्यालय में रखा गया । यह एतराज की बात है । इसकी जरूर जांच होनी चाहिए, मैं समझता हूं इस में सदन के अन्दर दो मत नहीं हो सकते ।

जहां तक जोशी जी का संबंध है मैं उन को बिलकुल नहीं समझता कि वह किसी दल में होंगे । लेकिन यह बात भी सही है कि वहां जो दलबन्दी है उसमें देखा कि इस तरह से शायद यूनिवर्सिटी में अच्छे ढंग से न्याय-पूर्वक काम कर सकेंगे तो कभी एक दल को थपथपाया, कभी दूसरे दल को । यह बहुत गलत चीज है विश्वविद्यालय के वाइस-चांसलर को कम-से-कम ऐसा नहीं करना चाहिए । अध्यक्ष महोदय, शिक्षा संस्थानों की इतनी बुरी हालत हो रही है, लोग इतने हिपोक्रेट हो रहे हैं, अभी जगद्गुरु शंकराचार्य साहब आए थे तो ए० एन० झा वहां पहुंच रहे हैं, विद्यार्थी वहां इकट्ठे हो रहे है, यह सब हो रहा है । मैं कहना चाहता हूं धर्म से यह चीज बिलकुल अलग है । उन को बिलकुल राजनीति से अलग रहना चाहिए । हमारे विद्यालयों को इससे अलग रखना चाहिए । नहीं तो क्या होगा कि वहां एक मुसलमान की जान ले ली गई हिन्दू यूनिवर्सिटी में, वह भी आखिर एक विद्यार्थी था, किसी मां का बेटा था । उस की मां को निपूता कर दिया गया तो उससे मैं नहीं समझता किसी का भला होगा या किसी पार्टी का भला होगा । अगर चार विधवाएं बढ़ा कर इस देश में कोई दल उन्नति कर सके तो वह नहीं हो सकता ।

इस देश में तो सब को मिलकर चलना पड़ेगा । आज जाति के नाम पर संस्थायें हैं, जैसे रोहतक में जाट कालेज है, गोड़-ब्राह्मण स्कूल है, वैश्य कालेज है, आखिर कितनी जातियां है, कितना इस देश को बाटेंगे । अगर इसको नहीं रोका गया तो ये मतभेद बढ़ेंगे । इस लिये, उपाध्यक्ष महोदय, एक राष्ट्रीय संस्थान होना चाहिये, जो इस बात के लिये कोशिश करे कि देश में जितनी शिक्षा संस्थायें हैं, उन के नाम राष्ट्रीय आधार पर रखे जांय ।

MR. DEPUTY-SPEAKER : Shri Sreedharan. His party's time is only 4 minutes. He should finish in 5 minutes.

SHRI K. M. ABRAHAM (Kottayam) : You are giving less time to parties with greater strength. You gave the Jan Sangh 12 minutes and 4 minutes to our Party; now to the hon. Member's party you are giving more time than our party.

MR. DEPUTY-SPEAKER : I have gone according to rules.

SHRI NAMBIAR : This is a counter-blast to Shri Madhok. As you sow, so you reap.

SHRI BAL RAJ MADHOK : I am prepared to stand by what I say. I do not take notice of what others may say on these things.

SHRI NAMBIAR : Why should he dictate to the Speaker ? I have been here since 1952 when he was a school-boy in college.

SHRI A. SREEDHARAN (Badagara) : This important and vital discussion is taking place at a critical juncture in the educational system when the student ferment in this country is in a deep turmoil. This student unrest is not confined to Banaras Hindu University alone. It is so in Allahabad University; it was visible in the streets of Ahmedabad when buses were burnt down. It was there in Kerala when a young girl, fresh from college, led a batch of desparadoes and attacked a police station.

I condemn these incidents. But why and how should they happen is the question before us. It is a deep question and when we are called upon solve it, as misfortune will have it we have an Education Minister who is more fond of playing to the gallery than in attending and devoting himself to the vital problems of education.

In any country, particularly in the developing countries of Africa and Asia,

[Shri A. Sreedharan]

students constitute the spearhead and vanguard of all progressive movements.. It is the frustration in universities, it is the deep sense of defeat in their homes and with the economic system that has let loose indiscipline among students. This Government was quite aware of it. I would like to quote a few lines from the Education Commission's report because it is valid and relevant. What did they say ? One great thinker has said that education is the most radical thing ; to teach an alphabet is to inaugurate a revolution. This is what the Education Commission has to say :

> "If this change on a grand scale is to be achieved without a violent revolution.....".

and even then it would still be necessary—

> "there is one instrument and one instrument alone that can be used, EDUCATION".

What is the state of our schools today ? We in the socialist movement have been consistently and persistently arguing that the segregated school should be abolished, that the children of rich people should not be allowed to attend special schools.

What are we to do?

Make an analysis of the civil service. The son of an I.A.S. officer continues to be an I.A.S. officer, the son of a top employee in the Government continues to be a top employee. It is the hereditary system that has been built into our society, and the students of today are revolting against it.

The Education Commission made this recommendation to this Government. They said :

> "Instead of promoting social and national integration and making an active effort to promote national consciousness, several features of the educational system promote divisive tendencies: caste loyalties are encouaged in a number of private educational institutions; the rich and the poor are segregated in schools, the former attending the better type of private schools which charge fees while the latter are forced, by circumstances, to attend free government or local authority schools of poor quality."

Who is responsible for this state of affairs? I charge this Government with indecision and vacillation. After we became independent this Government never had a consistent educational policy. The educational policy depended upon the nature of the Minister who came to power, with the result that the entire student front, the entire student horizon, today is in chaos and confusion.

Another fact to which I would like, to invite the attention of the House is that a number of basic issues have not been attended to. The language problem in the South created so much furore among the students that it is continuing even today. In Pondichery and Madras stduents are agitating against the change in the timings of All India Radio Broadcastes. There was an English broadcast at 8 A. M. and Hindi broadcast at 8.15. It is reversed, I do not know why. I stand for the national language, I belive that an Indian language alone can be the national language but is this the way to do it? You have got to take into consideration the fact that this is a vast country, this is a country of diverse cultures and diverse languages. If you want national integration, if you want the students of India to move as one man, hand in hand, shoulder to shoulder, these factors have to be taken into consideration, but this Government has not taken into consideration these factors with the result that there is a class in the Universities.. In Banaras University this has happened because you have perpetuated caste and communals there. You have perpetuated it in the Allahabad University. I come from a State where a University Bill is on the anvil of the legislature in which it is categorically laid down that three representatives of students will get a place in the Senate of the University. it is on the pattern of Scandinavia and France.

I would appeal to the Education Minister, I would appeal to this Government to realise that this is not a problem of small importance. The students are the

barometers of socitey. When they revolt the social system is on the verge of collaps and is tottering. See the writing on the wall, see the signpost of history and see that the Government acts now and now it self, otherwise you will never be able to act.

श्री सीताराम केसरी (कटिहार): उपाध्यक्ष महोदय, बनारस हिन्दू यूनीवर्सिटी और काशी विश्वविद्यालस और वहां के छात्रों ने हमारी आजादी की लड़ाई में बहुत महत्व-पूर्ण भाग लिया था और मुझे गर्व है कि मालवीय जी ने सरस्वती की अर्चना के लिये शिक्षा का जो स्थल वहां बनाया, उसके पीछे एक राष्ट्रीय भावना थी। आजादी के पहले काशी विश्वविद्यालय में जो भी छात्र शिक्षा के लिये जाते थे उनके अन्दर देशभक्ति की भावना कूट-कूट कर भरी जाती थी और जब वह वहां से निकलते थे तो राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत होते थे और आज मुझे यह कहते हुए गर्व होता है कि उत्तर भारत में हिन्दुस्तान की आजादी को जो लड़ाई लड़ी गई, उसमें बनारस विश्वविद्यालय की भूमि ने बहुत बड़ा पार्ट अदा किया। लेकिन आज वह पवित्र भूमि, जो सरस्वती की अर्चना की भूमि है, जहां से हम आजादी के बाद भी प्रेरणा प्राप्त कर सकते थे, जिस भूमि से मालवीय जी जैसे महर्षि, तपस्वी के जीवन से, उनकी यादगार से, उन की स्मृति से बहुत सारी चीजें हासिल कर सकते थे, मुझे दुख है कि आज वह भूमि राजनीतिक भूमि बन गई है और उसने युद्ध-स्थल का रूप धारण कर लिया है। वास्तव में यह बनारस के लिये ही नहीं, या शिक्षा संस्थाओं के लिये ही नहीं सारे देश के लिये चूंकि बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के पीछे एक राष्ट्रीय ख्याति तो ही अंतर्राष्ट्रीय ख्याति भी इस को प्राप्त है, एक महान चिन्ता का विषय बना हुआ है।

आज सारे देश में ही नहीं, विश्व के बहुत सारे देशों में छात्रों का एक महान आन्दोलन चल रहा है। किसी आन्दोलन के पीछे उस देश की प्रशासन व्यवस्था के प्रति असंतोष की भावना रहती है। उसे क्रान्ति का रूप देते हैं, जैसे हमने आजादी की लड़ाई के पहले दिया मगर आजादी के बाद हमारे मुल्क में जो छात्रों की असंतोष की भावना है, जो आन्दोलन चल रहा है, जो अनरेस्ट है वह प्रशासन व्यवस्था के खिलाफ उनकी लड़ाई है। वह चाहे पुलिस से हो, चाहे शिक्षा व्यवस्था से हो या शासन से हो, हमेशा एक टकराव होता है। जब विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने के बाद नागरिक जीवन में आते हैं तो उनके सामने अपने भविष्य का एक भयावह चित्र प्रस्तुत होता है मैं समझता हूं कि यह भी एक उन के असंतोष का कारण है।

दूसरा कारण मेरे ख्याल से शिक्षक वर्ग में शासन व्यवस्था के प्रति असंतोष का होना है। और यह असंतोष पूर्णवेतन के अभाव के कारण है। अपने परिवार के पालन-पोषण के लिये पूर्ण रूप से पैसा न रहने के कारण देश की प्रशासन व्यवस्था के प्रति एक असंतोष की भावना पैदा होती है और यह भावना मेरे ख्याल से शिक्षा देने की प्रणाली में प्रतिविम्बित होती है। मेरे विचार से विद्यार्थियों के असंतोष को दूर करने के लिये शिक्षकों के असंतोष का अन्त करना चाहिये। शासन को चाहिये शिक्षकों में जो वेतन के प्रति असंतोष है उसे दूर करे।

छात्रों में जो अपने भविष्य के प्रति असंतोष है उनका कारण मेरे ख्याल में यह है कि पढ़ने के बाद उनके लिये कोई ऐवेन्यूज नहीं हैं। अभी हाल में मुझे जापान के राजदूत से मिलने का अवसर मिला, मैंने उनसे पूछा कि आप अपने यहां छात्र अनरेस्ट का कैसे मुकाबल करते हैं ? उन्होंने कहा कि हमारे यहां विश्वविद्यालय से जब छात्र अपनी शिक्षा समाप्त करके निकलते हैं तो उन की शैक्षिक योग्यता के अनुसार हम उनकी आजीविका का प्रबन्ध करते हैं। अतः मेरा ख्याल है कि अपने भविष्य के प्रति जो अंधकार है वही छात्रों के असंतोष और अनरेस्ट का कारण

[श्री सीताराम केसरी]

है। तथा साथ ही शिक्षक वर्ग में कम वेतन पाने की वजह से अपने परिवार का पालन-पोषण करने में उन को कठिनाई का सामना करना पड़ता है वह भी एक दूसरा कारण है।

मैं अपने शिक्षा मंत्री महोदय से आग्रह करना चाहता हूं, विशेष कर बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी के सम्बन्ध में, जो हमारे राष्ट्रीय जीवन का प्रतीक रही है, जहां के स्नातक आजादी की लड़ाई में सफलता हासिल करने में बहुत कामयाब हुए हैं, कि राजनीतिक लोग, चाहे आर०एस०एस० के हों, सोशलिस्ट, कम्युनिस्ट या कांग्रेस के हों, विश्वविद्यालय में न जा सकें। उनका वहां जाना निषिद्ध कर दिया जाये कि फलां दल के लोग यूनिवर्सिटी में प्रवेश न करें।

इसके अतिरिक्त संसद् के चुने हुए लोगों का जिन के बारे में आप का ख्याल हो कि दलगत राजनीति से अलग हैं, एक दल बना कर उन के द्वारा उचित रूप से इनक्वायरी करायें और उसके आधार पर जो उचित कार्यवाही हो वह की जाये जिस से वहां शांति स्थापित हो और जो उस विश्वविद्यालय का राष्ट्रीय स्तर है वह कायम रहे तथा जो मालवीय जी की मूर्ति वहां पर है, जिन्होंने ने इस विश्वविद्यालय को बनाया, जिस भावना से उन्होंनें इसको स्थापित किया, उस भावना से देश एक बार फिर अनुप्राणित हो और देश की उन्नति में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय अपना उचित योगदान कर सके।

श्री जार्ज फरनेन्डीज (बम्बई दक्षिण): उपाध्यक्ष महोदय, बनारस यूनिवर्सिटी के मामले पर जो बहस हो रही है, मैं समझता हूं वहां की जो हालत है वह विद्यार्थी जगत में हो रही चल-विचल का एक प्रतीक है। जो मांग सदन में और सदन के बाहर हुई है कि उस यूनिवर्सिटी के विजिटर, जो कि राष्ट्रपति हैं, के जरिये तत्काल एक जांच आयोग को नियुक्त किया जाये मैं उस मांग का पूरा-पूरा समर्थन करता हूं और चाहता हूं कि शिक्षा मंत्री महोदय तत्काल इस सदन के सदस्यों की राय और बाहर के जगत की राय को राष्ट्रपति को बतायें और अपनी भी राय उसके साथ जोड़ कर जांच आयोग तत्काल बनाया जाये इसका प्रयास करें।

उपाध्यक्ष महोदय, जैसे मैंने कहा यह तो एक प्रतीक है बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी का मामला। हमें देखना चाहिये पूरे विद्यार्थी जगत के भीतर और नवयुवकों के भीतर जो एक बहुत बड़े पैमाने पर असंतोष फैल रहा है उसका कारण क्या है। यह कहने से काम नहीं चलेगा कि राजनीतिक दल वाले लोग विश्वविद्यालय में जाते हैं। अभी चन्द दिन पहले इंदौर में समाजवादी युवजन सभा का अधिवेशन हुआ था जिसमें यह मांग की गयी कि 18 साल से ऊपर के लोगों को मतदान का अधिकार होना चाहिये। योरप के कई देशों में और इंगलैंड में भी संविधान में तरमीम की गयी है जिस के अनुसार 18 साल से ऊपर को तमाम लोगों को मतदान का अधिकार मिला है। अब अगर 18 साल की उम्र होने पर नौजवानों को मतदान का अधिकार होना चाहिये तो फिर यह कहना कि उस उम्र के पहले या उस उम्र पर पहुंचने के बाद वह विद्यार्थी की ही दशा में रहते हैं और राजनीति के बारे में सोच विचार करने के लिये, राजनीतिक नेताओं से मिलने के लिये, उनके विचारों से कुछ लेन-देन करने के लिये उन्हें कोई अधिकार न रहे, मैं समझता हूं कि इस किस्म की विचारधारा सिर्फ बेवकूफ इन्सान रख सकता है, कोई समझदार आदमी नहीं ऐसा कह सकता है। मैं तो एक कदम और आगे जाकर कहता हूं कि जो दुनिया हम बनाना चाहते हैं वह आज के नौजवान के लिये ही तो बनाना चाहते हैं। तो फिर आकाशवाणी से या चाचा नेहरू के जन्म दिवस पर बाल दिवस मनाने के समय ऐसी बातें कह कर काम नहीं चलेगा कि उनको राजनीति में हिस्सा नहीं लेना चाहिये। अगर अपना

भविष्य बनाने के लिये अपने हिस्से को उठाना चाहता है तो उस पर रोक लगाने का काम हम लोगों को कतई नहीं करना चाहिये । जिनके हाथों में शासन है । और लगातार कहा जाता है कि विद्यार्थियों के बीच में से राजनीति हटाओं मैं इसका विरोध करता हूं और चाहता हूं कि आज का विद्यार्थी आज का नौजवान जितना आज की राजनीति के बारे में सोच सकता हो तो वह सोचने और समझने का काम करे । और अगर भारत को मजबूत और तगड़ा बनाना चाहते हो तो अभी से उस की शुरूवात विश्वविद्यालय से करो । क्यों कि जो समस्यायें हैं जिनके कारण परेशानियां हैं वह तो उन्हीं के भविष्य के बारे में हैं ।

गये साल मैट्रिक परीक्षा में 20 लाख नौजवान बैठे थे जिस में से 10 लाख पास हुए और 10 लाख फैल हुए । ये मैट्रिक पास लोग और कालेजों से बाहर आये हुए लोग, 5 लाख नौजवान जो ऊंची शिक्षा पाये हैं उनका जिक्र में नहीं करता, तो इतने सारे नौजवान शिक्षा पाकर जून के महीने में सड़कों पर आये और अगले जून के महीने में और 25 लाख नौजवान सड़कों पर आने वाले हैं नौकरी की खोज में उनके लिये आपके पास नौकरी है ?

कुछ दिन पहले मैं इलाहाबाद गया था, वहां बातचीत करते हुए जब पूछा गया कि क्या करना चाहते हो तो एक ने कहा कि भले ही इस जन्म में मैं अपने परिवार में पैदा हुआ, लेकिन अगले जन्म में मोरारजी देसाई का बच्चा बन कर पैदा होऊं । वह कहते हैं कि हमें तो विश्वविद्यालय से बाहर निकलने के बाद नौकरी नहीं मिलती है लेकिन मोरारजी देसाई के लड़के को ढ़ाई हजार रु० महीना तनख्वाह और उतनी ही पेंशन मिलती है या प्रधान मंत्री के पुत्र को छोटी मोटर गाड़ी बनाने के लिये तत्काल कारखाने की व्यवस्था हो जाती है । इसलिये हम भी इन के घर में पैदा हों तो हम लोगों का भी भला हो सकता है । ऐसी उन में विचारधारा है ।

थोड़े दिन पहले जब यहां शोरगुल हुआ था तो शिक्षा मंत्री जी ने कहा था कि ये बच्चे हम लोगों की तरफ देख रहे हैं । मैं मानता हूं कि इस सदन में जो चीजें होती हैं उसकी और लड़के और लड़कियां देखती हैं, और यहां से सबक सीखते हैं । इस सदन में जो शोरगुल होता है, उसकी तरफ भी उनकी नजर जाती है । इस सदन में जो गन्दगी सामने लाई जाती है उसकी तरफ उन नौजवानों की नजर जाती है, इस बात को हमें नहीं भूलना चाहिए । आपका जो बनाया हुआ समाज है, जो कि सड़ा हुआ समाज है, उस पर लड़कों की नजर जाती है, इस बात का भी आप खयाल रखिएगा । इस बीमारी को दूर करने के लिए आपको इसकी जड़ पकड़नी होगी । आज नौजवानों में जो निराशा की भावना फैली हुई है, उसको दूर करने का प्रयास करना होगा । आपने समाज में जो दीवारें खड़ी कर रखी हैं उन दीवारों को तोड़ने का काम करना होगा । मैं आपको बताता हूं कि चन्द दिनों पहले समाजवादी युवजन सभा ने एक प्रस्ताव पास किया था कि पूरे उत्तर प्रदेश और बिहार में जितनी एयरकन्डीशन्ड गाड़ियां जायेंगी उनमें, थर्ड क्लास का टिकट लेकर हम घुस जायेंगे और यात्रा करेंगे । मैं समझता हूं यह अच्छी चीज है । आप बोलेंगे कि यह तो शासन व्यवस्था तोड़ी जा रही है लेकिन मैं कहूंगा कि यह एक क्रान्तिकारी कदम है जो कि लड़कों को उठाना ही चाहिए और इस बिगड़ी हुई व्यवस्था को तोड़ना ही चाहिए । जैसा कि हमारे नेता डा० राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि आज का जो समाज है वह सुव्यवस्थित समाज नहीं है बल्कि कु-व्यवस्थित समाज है । उस कुव्यवस्था को तोड़ने के लिए अगर इस देश में अव्यवस्था आ जाती है और उसका नेतृत्व हमारे नौजवान करते हैं तो मैं उन नौजवानों का पूरा पूरा समर्थन करूंगा और चाहूंगा कि वे चाहे जितनी अव्यवस्था करें अगर उससे आगे चलकर इस देश में सुव्यवस्था का जन्म होता है तो वे एक नया हिन्दुस्तान खुद के लिए और अपने आगे आने

[श्री जार्ज फरनेन्डीज]

वालो बच्चों के लिए बनायें। हमारे बुजुगों ने जो प्रयास किया था वह तो सारे हिन्दुस्तान को बिगाड़ने का काम किया है। और इस देश को बर्बाद किया है।

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (हापुड): उपाध्यक्ष महोदय, हमारे देश में जब जब भी छात्र आन्दोलनों या उत्पातों की चर्चा होती है तो इस देश का बुद्धिजीवी वर्ग विशेषकर इस देश के शिक्षा-शास्त्री अपने बचाव की युक्तियां देते हैं। यह नहीं कहा जा सकता कि यह आंदोलन भारत में ही है अथवा विश्व में भी इस प्रकार का आंदोलन व्याप्त होता चला जा रहा है। वे इसकी पुष्टि में कभी इन्डोनेशिया का उदाहरण देते हैं, कभी फ्रांस का उदाहरण देते हैं और अब अमेरीका और जर्मनी का भी उदाहरण देने लग गए हैं, कि यह तो अब विश्व-व्यापी हो गया है, भारत में ही विशेष नहीं है। परन्तु मैं अपने शिक्षा मंत्री से कहना चाहता हूं कि भारतवर्ष की अपनी कुछ विशेष परम्परायें हैं। इसलिए दुनिया के उदाहरण देकर अपनी दुर्बलताओं को छिपायें नहीं। उनको ढकने की कोशिश न करें।

दूसरी बात जो मैं विभिन्न राजनीतिक दलों के साथियों और सत्तारूढ़ दल के साथियों से विशेष विशेष रूप से कहना चाहता हूं वह यह है कि इस समय हमारे देश में शिक्षा-संस्थाओं की जो भयंकर स्थिति बनती जा रही है उसका राजनीतिक स्तर से ऊपर उठकर कोई समाधान ढूंढना चाहिए। इसके लिए मेरा अपना निजी सुझाव यह है कि सभी राजनीतिक दलों के मुख्य-मुख्य व्यक्ति जोकि शिक्षा के अन्दर रुचि रखते हों वह, और देश के प्रसिद्ध शिक्षा शास्त्री, इन लोगों का एक राष्ट्रीय सम्मेलन बुलाया जाए और उस सम्मेलन को बुला कर के इन महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान खोजना चाहिए। ये प्रश्न रोज-रोज विधान सभाओं में और संसद् में चर्चा का विषय बने और बराबर इस प्रकार के उत्पात बढ़ते चले जायें, यह कोई अच्छी परम्परा नहीं होगी। यह हमारी नयी पीढ़ी के साथ भी अन्याय होगा और आगे आने वाले भारत के साथ भी अन्याय होगा।

हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना मालवीयजी ने कुछ उदार आदर्शों को लेकर की थी। लेकिन ऐसा लगता है कि मालवीयजी के साथ साथ वे उदार आदर्श भी समाप्त हो गए। आगे चलकर डा० राधाकृष्णन् जब वहां के उपकुलपति बने तो पहले कुछ राजनीतिक अखाड़ेबाजों ने उत्तर और दक्षिण के चक्कर में उनको भी डालने की कोशिश की। उसके बाद जब डा० राधाकृष्णन् भी वहां के उपकुलपति नहीं रहे तो यह विश्वविद्यालय जातिवाद का अखाड़ा बन गया और अब तो वह विश्वविद्यालय राजनीतिक गतिविधियों का पूरी तरह केन्द्रबिन्दु बनता जा रहा है। लेकिन जो सब से बड़ी चिन्ता की बात है, जिसकी ओर मैंने पहले भी संकेत दिया था, वह यह है कि अब तक वहां पर जितने भी आन्दोलन या उत्पात हुए उनमें इतनी भयंकरता नहीं थी, जितनी कि पिछली बार आई। वहां पर विश्वविद्यालय की सम्पत्ति को जलाने के लिए पेट्रोल का इस्तेमाल किया गया, फासफोरस का इस्तेमाल किया गया। बमों की संज्ञा तो मैं उन्हें नहीं दे सकता लेकिन वहां पर भारी पटाखों तक का इस्तेमाल किया गया। अब वह आन्दोलन विश्वविद्यालय की चारदीवारी तक ही सीमित नहीं है। वह केवल काशी विद्यापीठ में ही नहीं पहुंचा बल्कि काशी विद्यापीठ से हटकर के बनारस के बस स्टेशन पर पहुंचा और बनारस के रेलवे स्टेशन में भी पहुंचा। मैं विशेष रुप से यह बात कहना चाहता हूं कि आप इसको केवल विद्यार्थी आन्दोलन तक या विद्यार्थी असंतोष तक ही सीमित न रखें बल्कि इसकी तह में जाने का यत्न करें कि कहीं इसके पीछे कोई षडयंत्र

तो काम नहीं कर रहा है ? जो इन विद्यार्थियों के कच्चे मस्तिष्क का लाभ उठा रहा है और उनके कच्चे मस्तिष्क का लाभ उठा करके देश के अन्दर अराजकता की प्रवृत्ति पैदा करने की कोशिश कर रहा है ? पहले भी मैंने डा० सेन को और इस सदन को एक संकेत दिया था । अब उसको बलवती भाषा में फिर दोहराना चाहता हूं । दुर्भाग्य से शिक्षा संस्थाओं की जो यह दयनीय स्थिति बनती चली जा रही है, न जाने क्यों उत्तर भारत ही विशेष रूप से उसका शिकार हो रहा है । लखनऊ, बनारस, इलाहबाद विश्वविद्यालय इसके केन्द्र-बिन्दु होते जा रहे हैं । मुझे पता है कि दक्षिण भारत या और देश की स्थिति क्या है । लेकिन आपको जानकर दुख होगा कि इन विश्वविद्यालयों के अंदर कुछ पेशेवर छात्रों ने इसे अपना यह पेशा बना लिया है । वे बार-बार फेल होते रहते हैं, 8-10 वर्षों तक और बाहर से उनको पेमेंट होता है । इसी काम के लिए उनको पेमेन्ट होता है कि वह विश्वविद्यालयों में रह करके अराजकता का वातावरण बराबर बनाए रखें । आखिर, आप कोई मर्यादा तो बनाइये कि एक छात्र एक साल फेल हो जाये, दो साल फेल हो जाए लेकिन लगातार दस साल तक अनुत्तीर्ण रहने के बाद भी छात्र विश्वविद्यालय में बना रहे और वहां पर अराजकता का वातावरण बनाए रखे, इसकी कोई मर्यादा होगी या नहीं होगी ? इसके सम्बन्ध में डा० सेन को सोचना चाहिए ।

एक चीज और कहकर मैं समाप्त करना चाहता हूं । मुझे एक बात का पता लगा है । डा० त्रिगुण सेन थोड़ा सा उसका स्पष्टीकरण कर सकें तो अच्छा हो । आपके लिए सारे विश्वविद्यालय बराबर होने चाहिए । हिन्दू विश्वविद्यालय में अगर अराजकता है तो उसका समाधान करना चाहिए । पीछे यहां पर हिन्दू विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में एक विधेयक आया था और उसमें आपने एक बहुत अच्छा निर्णय लिया था कि वाराणसी नगर के जितने कालेज हैं वे हिन्दू विश्वविद्यालय के साथ सम्बद्ध किए जायें । परन्तु इसी प्रकार का निर्णय आपको अलीगढ़ विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में भी लेना चाहिए । अलीगढ़ विश्वविद्यालय के संबंध में मेरी अपनी एक जानकारी है । हो सकता है मेरी जानकारी में कुछ गलती हो । मंत्री परिषद् ने इस प्रकार का निर्णय ले लिया था कि अलीगढ़ शहर के जितने कालेज हैं वे सब मुस्लिम विश्वविद्यालय के साथ जोड़े जायं । लेकिन एक महानुभाव जो कि उस समय केबिनेट में उपस्थित नहीं थे उन्होंने बाद में आकर डा० सेन पर प्रेशर डाला और फिर वह चीज बीच में अटक गई । अभी तक उस पर कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है । इसलिए डा० त्रिगुण सेन जो कि एक शिक्षा शास्त्री हैं, राजनीतिज्ञ नहीं हैं, वे राजनीतिक अखाड़ेबाजी से ऊपर उठकर इन समस्याओं का समुचित समाधान करें ।

THE MINISTER OF EDUCATION (DR. TRIGUNA SEN) : Sir, I am grateful to the Members who have taken some keen interest on two subjects, unrest in Banaras Hindu University and student unrest in general.

Instead of answering all the questions raised-mostly, of course, suggestions by the members to solve these problems—I will first take up Banaras Hindu University affairs. Then, I will say something about the student unrest, which has been referred to by the Members.

I have been accused by my friend, Prof. Amin that I behaved rather in an indecisive manner so far as Banaras Hindu University is concerned and that I have a wrong sense of autonomy, If I have understood him correctly. Sir, when the recent disturbances broke out in the University campus, the view had been expressed by the Members in this House as also in the other House that the Visitor should appoint a Committee to inquire into the state of constant unrest in the University and suggest remedies. I felt, as Prof. Amin has also mentioned that this is the practice, that it is first the duty of the Vice-Chancellor and the teachers concerned to meet the

[Dr. Triguna Sen]

students. Only if they fail--if they fail to meet the situation when it arises, then they are unfit to be educationists—only in an emergent case can they ask for assistance from outside.

I gave no advice, but I told the Vice-Chancellors and the teachers to meet students and solve these problems. After all, to me, administration in a University is nothing but human relationship.

I do believe that if the teachers and students, meet together, if they understand each other, there cannot be any unrest in the university. This is one of the reasons why I did not interfere, or advise the Visitor to interfere, into the administration of the university under the Banaras Hindu University Act.

An opinion was expressed in the House that if a committee is appointed by the University itself it will not create confidence in the public. I assured the House that the personnel of the committee would be appointed in consultation between the University and the Ministry of Education, and that satisfied the House. I gave that assurance to the House, because the Vice-Chancellor himself told me beforehand that he was prepared to appoint a committee to go into the matter. It was on the basis of that assurance of the Vice-Chancellor that I made that statement in the House. Now, having given that assurance, on the 16th of last month, when the Executive Council met, the Vice-Chancellor did not put this part of the negotiation or understanding before the Executive Council and the Executive Council appointed a cmmittee.

SHRI VASUDEVAN NAIR (Peermade) : Why did he not do it?

DR. TRIGUNA SEN : Let me finish. Then, when he came here, I told him, "Well, on your assurance. I made the statement in the House that the personnel will be appointed after joint consultation." I naturally felt that the Vice-Chancellor let me down. Then he said, "All right, I will place it before the next meeting of the Executive Council." That meeting is scheduled to be held today.

So, this was the reason for this delay. It is not indecision. I do not like to be a prisoner of indecision. The decision I took earlier was that the teachers and the Vice-Chancellor should meet the situation in the University and, if they fail, they should appoint a committee in consultation with us. This was the decision.

SHRI R. K. AMIN : What was the attempt made by the teachers? Are you convinced of any move made by the teachers?

DR. TRIGUNA SEN : Well, I have got letters from the teachers association that they were helping the Vice-Chancellor to bring in peace in the university. How far they have succeeded, the subsequent happenings did show. Perhaps, they did not succeed.

SHRI BAL RAJ MADHOK : May I know if something is to be done, if some kind of committee is to be appointed, then a situation has to be created where there is rowdyism, where goondas are brought to burn public property and create vandalism, and only then a committee will be appointed?

DR. TRIGUNA SEN : NO, it was not that. It had been happening for the last six months. Let us understand one thing. Though, of course, there is so exaggeration in what has been mentioned by the hon. Members, some cases of indiscipline did occur in the University, and to go into this the Vice-Chancellor suggested that there must be an inquiry committee, and I accepted that. So, it was not correct that I was suffering from indecision or I have a wrong senseof maintaining the autonomy of this University. Prof. Amin referred again and again to Gresham's Law. I do not know if bad teachers in his University have driven him out of the University to join a party and come to Parliament.

SHRI R. K. AMIN : I would have come for a better purpose.

DR. TRIGUNA SEN : Shri Barua also suggested that I should have advised the appointment of a committee earlier.

I explained the reason why we took this one month to come of this decision.

डा० रवि राय : डा० जोशी पर विश्वास करके उन्होंने गलती की ।

DR. TRIGUNA SEN : One thing we must bear in mind, and that is this. Dr. Joshi, whom we appointed as Vice-Chancellor, is a non-communal man, he is an academician, a botanist. I do not believe that he has joined the RSS, or some thing like that, as has been mentioned by some hon. Members. I do not believe that he ever did so..(*interruptions*) But I can inform the House that now the President, as the Visitor of the Banaras Hindu University, under sub-section (2) of section 5 of the Banaras Hindu University Act, 1915 (No. 16 of 1915), has directed an inquiry into the recent state of unrest and agitation in the Banaras Hindu University and we are going to act on that.

It has been decided to appoint a Committee.

SHRI VASUDEVAN NAIR : Meanwhile you will assure that students will not be rusticated and expelled as is being done now. So many students are being thrown out for no fault of theirs.

DR. TRIGUNA SEN : I cannot give any assurance that students will not be expelled because it depends on the teachers and the Vice-Chancellor. If a student has acted in a violent or an indisciplined way, I think, it is the right of the Vice-Chancellor and the University to take disciplinary action..(*Interruption*).

SHRI VASUDEVAN NAIR : The entire issue is being inquired into and it is only proper and fair that when an inquiry is being made, when there are complaints against the Vice-Chancellor himself.... (*Interruption*).

MR. DEPUTY-SPEAKER : The inquiry will be covering all these things.

DR. TRIGUNA SEN : It will be looked into by the Committee..(*Interruption*).

SHRI BAL RAJ MADHOK : Can you give the assurance that those who are charged with violence, incendiarism, killing and destruction, and against whom action is being taken by the police and cases going on, whether it is a boy or anybody else, will be dealt with as criminals and the course of law will not be interfered with ?

SHRI VASUDEVAN NAIR : Who are the criminals ? Shri Bal Raj Madhok knows who are the criminals..(*Interruption*).

SHRI UMANATH (Pudukkottai) : Here is a Vice-Chancellor who, according to the Minister himself, suppressed the commitment made to him without placing the thing before the Executive Council.

DR. TRIGUNA SEN : Not suppressed.

SHRI UMANATH : I would like to know from the Minister as to what guarantee is there that during the period of the inquiry this Vice-Chancellor will not victimise the students.

श्री रवि राय : भविष्य में रस्टिकेशन नहीं होना चाहिए । जहां भी कोई इनक्वायरी कमेटी होती है तो विक्टिमाइजेशन बन्द हो जाता है और वहां भी यह विद्यार्थियों का विक्टिमाइजेशन बन्द होना चाहिए । ऐसा होना तो एक सामान्य बात है ।

DR. TRIGUNA SEN : The House must agree with me that if a boy has been found to have committed some violence anywhere, he must be treated as a common citizen; he should not be treated differently.

SHRI NAMBIAR : Let the *status quo* remain when the inquiry is going on.

MR. DEPUTY-SPEAKER : No more interruption. If there are further interruptions, the time taken thus will be debited to the time for the next debate.

DR. TRIGUNA SEN : Some Members have mentioned the different incidents that took place in the University

[Dr. Triguna Sen]

itself. I find that some of them spoke in a very exaggerated way. It is not so bad as they have mentioned. Certain incidents did occur. We take the information....*(Interruption)*.

SHRI YOGENDRA SHARMA : I have personally gone there and seen it for myself.....*(Interruption)*.

DR. TRIGUNA SEN : All these things will be placed before the inquiry committee.

SHRI VASUDEVAN NAIR : You did not go there; he went there and found in out for himself.

DR. TRIGUNA SEN : I know that.

About student unrest, very good suggestions have been offered by Shri Madhok, Shri Barua and some other Members as well as, I think, Comrade Sreedharan.

SHRI A. SREEDHARAN : I am not.

SHRI NAMBIAR : A well-chosen phrase !

DR. TRIGUNA SEN : The comrade quoted extensively from the Education Commission's report. I know something of the recommendations made by the Commission. He did not read that the Commission recommended that if the recommendations are to be implemented, it cannot be done by the Government alone; to implement the recommendations it is absolutely necessary to have the co-operation of the parents, the guardians and the members of society. Everyone must co-operate to implement the recommendations which he mentioned. That paragraph he did not read from the report. I can only appeal.....

AN HON. MEMBER : What has the Government done ?

16 hrs

DR. TRIGUNA SEN : I will tell you at another time what the Government is doing. I would request that you also should cooperate with us to implement the recommendations.

About the student unrest, several suggestions were made by various hon. Members. I do agree. The University Grants Commission constituted a Committee two years back with Dr. Sen as its Chairman, and it went round all the Universities. They recommended that the only solution, perhaps, in the university itself—not to talk about socio-political and other problems—is to inculcate in the minds of students a sense of belonging to the institution, and that can be done only if there is participation between teachers and students in all its activities. That recommendation was forwarded to all the Universities to implement it. Only I can most humbly tell this House that I practised this recommendation of Dr. Sen Committee in my life for 36 years, and I found it did work and there was no unrest.

I agree there are several instances or causes of dissent in the institution among the students. But, I feel, the duty of the teacher is to make that dissent a disciplined dissent. This is the crux of the whole thing. How should a teacher work in the university ? I can only say that the distinctive role of the university is to teach in such a way that the pupils learn the discipline of dissent, the dissent that is the byproduct of critical and creative thinking. I agree that if such a discipline of dissent is to be practised, a climate of academic freedom is essential. On the other hand, this concept of academic freedom is possible only if universities use this freedom to pursue truth and do not turn aside to seek power as mentioned by Prof. Madhok. We, on our part, will try our best. I assure the House that we will try our best to create an atmosphere of academic freedom where the teachers and students can work together. I would again appeal to hon. Members.

SHRI BAL RAJ MADHOK : Do you accept the suggestions ?

DR. TRIGUNA SEN : Definitely. Of course, my hon. friend, Shri Prakash Vir Shastri suggested that a national committee should be formed to find out the reasons. The reasons are known, I think, to all of us Only how to tackle the problem and solve the problem is the question. It is possi-

ble to solve the problem, I believe, provided we all cooperate wholeheartedly to bring in a new generation. My hon. friend, Shri George Fernandes, said that the only solution is socialism, to bring in a socialistic society. It may be. But I am an unsocial socialist. I do not know how far I can go with him.

श्री रवि राय : पी०ए०सी० के जवानों को आप कब हटायेंगे ?

MR. DEPUTY-SPEAKER : Now, we take up the next item regarding U. P. teachers. SHRI Prakash Vir Shastri.

श्री मोलहू प्रसाद (बांसगाव) : सभी तरफ के सदस्यों ने मांग की है कि स्कूलों और कालेजों के नाम के पहले जो जाति सूचक और धर्म सूचक शब्द लगे रहते हैं, इनको हटाया जाए । इसका आपने उत्तर नहीं दिया है । आप इसका भी उत्तर दें । क्या आपके अन्दर भी प्रतिक्रियावाद घुसा हुआ है ? क्यों आप ऐसा नहीं करते हैं.....

MR. DEPUTY-SPEAKER : That is over; no further questions. Shri Prakash Vir Shastri.

16.05hrs.

DISCUSSION *RE* : DEMANDS OF SCHOOL TEACHERS IN U. P.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Now we take up the discussion regarding demands of teachers of Higher Secondary Schools in U. P.

Mr. Prakash Vir Shastri. He will take twelve minutes.

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur) : The Business Advisory Committee decided that we would sit longer.....

MR. DEPUTY-SPEAKER : We decided two hours for that debate and two hours for this debate. This is what we decided. Five minutes this way or that way is a different matter. But the time is distriubted like this. I know Shastriji always adheres to the time limit.

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (हापुड़) : ऐसे अवसर इस सदन में बहुत ही कम आए हैं जबकि छात्रों के बाद उनके गुरुओं की चर्चा विवाद का विषय बने हों । लेकिन यह सौभाग्य का विषय है कि आज का दिन संसद् ने शिक्षा के लिए समर्पित कर दिया है ।

उपाध्यक्ष महोदय, यों तो सारे देश में ही प्रारम्भ से शिक्षा की उपेक्षा चलती रही है । क्योंकि विश्व में जो देश शिक्षा के ऊपर व्यय करते हैं, भारत का उन में सब से नीचे के जो राष्ट्र हैं उन में दूसरा नम्बर है । दुनिया में सब से कम शिक्षा पर व्यय करता है अफगानिस्तान और उसके बाद नीचे से दूसरा नम्बर भारतवर्ष का है । भारत में भी सब से दयनीय स्थिति जिस राज्य को है वह है उत्तर प्रदेश । स्वयं पहले जो शिक्षा मंत्री रह चुके हैं डा० श्रीमाली उन्होंने इस तथ्य को स्वीकार किया था कि उत्तर प्रदेश में शिक्षा और अध्यापकों की स्थिति बड़ी दयनीय है । आप से पहले श्री चागला जब शिक्षा मंत्री थे तब उन्होंने भी इस सत्य को स्वीकार किया था और आपने भी कुछ दिन पहले इस सत्य को स्वीकार किया है । लेकिन मेरा कहना यह है कि इस सत्य को स्वीकार करने या अध्यापकों के प्रति सहानुभूति प्रकट करने मात्र से अगर उनकी समस्या का समाधान हो जाता तो शायद इस चर्चा को छेड़ने की मुझे आवश्यकता अनुभव न होती ।

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि आज तक अध्यापकों ने अपने पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए आन्दोलनों और प्रदर्शनों का सहारा नहीं लिया । सब से पहले यह दुखद प्रसंग भारतवर्ष में उस दिन आया जिस दिन देश के अध्यापकों ने एकत्र होकर एक मौन प्रदर्शन संसद् भवन के सामने किया । लेकिन जब सरकार ने उस के ऊपर किसी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दिया तब विवश हो